


अलाईव न्यूज़
ALIVE NEWS
Any Enquiry Cont. : 0129-4070270
खबर वही, जो जिंदा रहे!




Vol. 13 Issue No. 14 Faridabad (NCR) | Friday, 16-31 August 2024 | Rate : 5 /- | RNI No. : HARBIL/2012/45536 | Postal Registration No. L-2/HR/FBD/296/24-26 | Page : 8

## पहला कॉलम



### राष्ट्रपति मुर्मू करेंगी उदगीर बुद्ध विहार का उद्घाटन, आनंद मेले में लेंगी भाग

**लातूर,** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू महाराष्ट्र के तीन दिवसीय दौरे पर हैं। वह बुधवार को लातूर जाएंगी। यहां राष्ट्रपति उदगीर बुद्ध विहार का उद्घाटन करेंगी और फिर महिला आनंद मेले समारोह में भाग लेंगी। राष्ट्रपति मुर्मू अपनी यात्रा के पहले दिन कोल्हापुर के वरणानगर में श्री वरणा महिला सहकारी समूह के स्वर्ण जयंती समारोह में शामिल हुईं थी। आज यानी मंगलवार को वह पुणे में सिम्बायोसिस इंटरनेशनल (डीम्ड यूनिवर्सिटी) के 21वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करेंगी। इसके साथ ही वह मुंबई में महाराष्ट्र विधान परिषद के शताब्दी समारोह में भी शामिल होंगी। अपनी यात्रा के आखिरी दिन बुधवार को राष्ट्रपति मुर्मू लातूर के उदगीर में बुद्ध विहार का उद्घाटन करेंगी और शासन अव्यान दारी और मुख्यमंत्री माझी लड़की बहन योजना के लाभार्थियों से भी मुलाकात करेंगी। मुख्यमंत्री माझी लड़की बहन योजना को महाराष्ट्र राज्य सरकार ने 28 जून, 2024 को लॉन्च किया था। योजना का उद्देश्य राज्य में महिलाओं को वित्तीय मदद और सशक्तिकरण प्रदान करना है। इस योजना को पूरे राज्य की महिलाओं से सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। इसका अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि अब तक पूरे महाराष्ट्र से दो करोड़ 40 लाख महिलाओं ने आवेदन किया है। इस योजना के लिए आवेदन की आखिरी तारीख 31 अगस्त थी, लेकिन इस योजना के प्रति पात्र महिलाओं के उत्साह को देखते हुए शिंदे सरकार बड़ा फैसला ले सकती है।

### कांस्टेबल भर्ती के दौरान हुईं मौतों पर जांच है जारी

**-डौक्टर्स कह रहे दौड़ की प्रेक्टिस नहीं, पुलिस अधिकारी बता रहे कुछ और...**

**रांची ।** झारखंड आबकारी कांस्टेबल भर्ती शारीरिक परीक्षा में शामिल 12 उम्मीदवारों की मौतों से बवाल मचा हुआ है। डॉक्टर्स का कहना है कि दौड़ की प्रैक्टिस न करने वाले उम्मीदवारों के साथ कुछ समस्या हुई है। जबकि बहाली देख रहे एक पुलिस अधिकारी ने एनर्जी ड्रिंक या दवा की ओर भी इशारा किया है। हालांकि, मामले की जांच जारी है। डॉक्टर एसके विनायक ने बताया, अचानक दौड़ने पर इंसान के शरीर में प्रेशर के साथ ऑक्सीजन लेवल कम होता है। साथ ही स्टीरॉयड या एनर्जी ड्रिंक जैसे पदार्थ काफी हानिकारक हो सकते हैं। उन्होंने अपील की है कि यह जिंदगी का ये आखिरी इम्तेहान नहीं है, इसलिए अभ्यर्थियों को धैर्य रखना चाहिए। पलामू में भर्ती परीक्षा देख रहे कमांडेंट रैंक के आईपीएस अधिकारी मुकेश कुमार ने कहा, अभ्यर्थियों को धैर्य रखने की जरूरत है। दौड़ में शामिल कुछ अभ्यर्थियों का व्यवहार अजीब था। एनर्जी ड्रिंक लेना या दवा लेना भी मौत का एक कारण हो सकता है। हालांकि, इस संबंध में जांच जारी है। हालांकि, सफल अभ्यर्थियों का कहना है कि परिवारवाले चाहते थे कि सरकारी नौकरी लेकर वे समाज की सेवा और परिवार को भी सपोर्ट करें। महिला और पुरुष अभ्यर्थियों ने बताया कि उन्होंने दौड़ के लिए लंबे समय से अभ्यास किया है ताकि समय और ताकत बनी रहे। सफल कैंडिडेट्स का भी मानना है कि बगैर प्रैक्टिस के समस्या हो सकती है और शक्तिवर्धक उपाय यानी शॉर्टकट जानलेवा हो सकते हैं। उधर, झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने आबकारी कांस्टेबल भर्ती अभियान को तीन दिनों के लिए रोकने के निर्देश जारी किए हैं। उम्मीदवारों की मौत को दुखद और हृदय विदारक बताकर सोरेन ने कहा कि उन्होंने पिछली सरकार द्वारा बनाए नियमों की तत्काल समीक्षा करने को कहा है। बीजेपी ने दावा किया है कि अब तक 15 उम्मीदवारों की जान जा चुकी है, जबकि झारखंड पुलिस के अनुसार, अब तक 12 उम्मीदवारों की मौत की सूचना मिली है।

### विधायक नितेश राणे के बयान की बीजेपी ने की निंदा....ऐसी भाषा की जरुरत नहीं

**मुंबई ।** महाराष्ट्र से बीजेपी (भारतीय जनता पार्टी) विधायक नितेश राणे का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इस वायरल हो रहे वीडियों में मुसलमानों को लेकर आपत्तिजनक टिप्पणी करते दिख रहे है। उनके वीडियो को एआईएमआईएम (ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन) के राष्ट्रीय प्रवक्ता वारिस पठान ने शेयर किया। पठान ने आरोप लगाया कि राणे अपने पूरे भाषण में मुसलमानों के खिलाफ नफरत फैला रहे हैं। इस मामले में बीजेपी के राष्ट्रीय प्रवक्ता तुहिन सिन्हा ने कहा कि वे नितेश राणे के कहे शब्दों की निंदा करते हैं। सिन्हा ने कहा, मैं उनके कहे शब्दों की निंदा करता हूं। इसतरह की भाषा का सार्वजनिक जीवन में कोई स्थान नहीं है। किसी भी राजनेता को इसतरह के शब्द का इस्तेमाल नहीं कहने चाहिए। जहां तक मुझे पता है उनके खिलाफ दो एफ़आईआर दर्ज हो चुकी हैं। नितेश राणे ने अपने विवादित बयान पर कहा, वे (दूसरे समुदाय के लोग) बोल सकते हैं लेकिन हम इसी भाषा के साथ हिंदू समुदाय के समर्थन में उतरें, तब हमसे क्यों सवाल किया जाता है? पुलिस और संविधान को अपना काम करने दीजिए। उन्होंने कहा, हिंदू समुदाय के लोगों को क्यों धमकाया जाता है?

# हरियाणा चुनाव में कांग्रेस-आप में हो सकता है गठबंधन

**राहुल गांधी ने राय मांगी; हुड्डा 3-4 सीटों पर राजी, चंडीगढ़ में इसी फॉमूले से निगम-लोकसभा जीते**



**Panipat/Alive News**

हरियाणा विधानसभा चुनाव के बीच राजनीति को चौंकाने वाली खबर सामने आई है। यहां चुनाव में कांग्रेस और आम आदमी पार्टी में गठबंधन हो सकता है। दोनों ही पार्टियां पहले ही इंडिया ब्लॉक के सदस्य हैं। कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक इसकी पहल राहुल गांधी ने की है। केंद्रीय चुनाव समिति की मीटिंग में राहुल गांधी ने हरियाणा के नेताओं से इस बारे में पूछा। इसके बाद एक सीनियर नेता की ड्यूटी लगाई कि वह इस बारे में प्रदेश के नेताओं से बात करे। इससे पहले लोकसभा चुनाव में भी कांग्रेस-आप ने मिलकर चुनाव लड़ा था। कांग्रेस ने 9 और आप ने 1 सीट पर चुनाव लड़ा था। कांग्रेस 5 सीटें जीती लेकिन आप कुरूक्षेत्र सीट हार गई थी। हालांकि चंडीगढ़ चुनाव में एक साथ लडने पर कांग्रेस-आप ने निगम और लोकसभा चुनाव जीता था।

कांग्रेस सूत्रों के मुताबिक चुनाव समिति की मीटिंग में राहुल गांधी ने नेताओं से पूछा कि क्या हमें हरियाणा में आम आदमी पार्टी से गठबंधन करना चाहिए?। वहां राय जानने की कोशिश के बाद सीनियर नेता को कहा कि वह नेताओं से बात करे। गठबंधन संभव है या नहीं और अगर हुआ तो इसके फायदे-नुकसान क्या होंगे, इसके बारे में रिपोर्ट मांगी है।

### अपनाया जाएगा लोकसभा चुनाव वाला फॉर्मूला

माना जा रहा है कि गठबंधन हुआ तो सीट बंटवारे को लेकर लोकसभा चुनाव वाला फॉर्मूला ही अपनाया जा सकता है। इसको लेकर आज शाम को होने वाली केंद्रीय चुनाव समिति की दूसरी मीटिंग में स्थिति साफ हो सकती है। कांग्रेस के प्रदेश प्रभारी दीपक बाबरिया ने कहा गठबंधन हो सकता है। इसके लिए आप और बाकी इंडिया के सहयोगी बाकी दलों के साथ बातचीत चल रही है। हम हरियाणा में वोटों का ध्रुवीकरण और भाजपा को रोकना चाहते हैं। वहीं इस मामले में भूपेंद्र हुड्डा ने कहा कि अगर गठबंधन होता है तो आप को केवल 3-4 सीटें दे सकते हैं। मगर, आप इससे ज्यादा मांग रही है, इसलिए गठबंधन मुश्किल है। वहीं भाजपा नेता शाहनवाज हुसैन ने कहा कि कांग्रेस को पता लग गया है कि वह हरियाणा नहीं जीत सकती। इसलिए आखिरी वक्त में कुछ उपाय कर रही है। आप से गठबंधन की बात कर रही है लेकिन प्रदेश की जनता भाजपा के साथ है। कांग्रेस जो मर्जी कर ले, किसी से गठबंधन कर ले, भाजपा ही आएगी।

### भाजपा को हराना प्राथमिकता

वहीं आप के संजय सिंह ने कहा कि भाजपा और उसकी नफरत की राजनीति तथा लोगों, किसानों और युवाओं के खिलाफ राजनीति को हराना हम सभी की प्राथमिकता है। हालांकि, सिंह ने कहा कि इस मुद्दे पर कोई भी आधिकारिक रुख आप के हरियाणा मामलों के प्रभारी संदीप पाठक और प्रदेश अध्यक्ष सुशील गुप्ता द्वारा तय किया जाएगा। आप के वरिष्ठ नेता ने कहा, इस संबंध में कोई भी अंतिम निर्णय केजरीवाल की मंजूरी के बाद हरियाणा में संगठनात्मक और चुनाव संबंधी कार्यों से जुड़े हमारे नेताओं द्वारा लिया जाएगा।

# हिमाचल में वित्तीय संकट.......

## वेतन और पेंशन नहीं मिला कर्मचारियों को

**Shimla/Alive News**

भले ही हिमाचल के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने राज्य के गहराते वित्तीय संकट के बारे में चिंताओं को दूर करने की कोशिश की हो, लेकिन सेवारत और सेवानिवृत्त सरकारी कर्मचारियों की वेतन और पेंशन में देरी ने इस आंशका को सच साबित कर दिया। जब सोमवार को उनके बैंक खातों में कोई भुगतान नहीं किया गया।

आम तौर पर वेतन और पेंशन हर माह की पहली तारीख को उनके बैंक खातों में जमा कर दी जाती है। हालाँकि, रविवार होने के कारण वेतन सोमवार को वितरित किया जाना चाहिए था, जो नहीं हुआ, जिससे दो लाख से अधिक नियमित कर्मचारी काफी चिंतित हैं।

अभी भी कोई आधिकारिक बयान नहीं है, कि वेतन कब वितरित होगा, लेकिन कांग्रेस नेतृत्व के साथ-साथ नौकरशाही के बीच भी चिंता है कि गंभीर वित्तीय संकट के बीच स्थिति से कैसे निपटा जाए।

हालांकि पिछले शासनकाल में इसतरह के उदाहरण आए हैं जब राजकोष घाटे में चला गया, लेकिन वेतन और पेंशन में कभी देरी नहीं हुई। हालाँकि, इस बार देरी एक दिनचर्या बन सकती है क्योंकि अधिक ऋण जुटाने का कोई प्रावधान नहीं है और राज्य पूरी तरह से केंद्र पर निर्भर है। विडंबना यह है कि एचपी राज्य विद्युत बोर्ड के कर्मचारी और पेंशनभोगी, जिन्हें अतीत में हमेशा देरी से वेतन मिलता था, भुगतान प्राप्त करने वाले एकमात्र व्यक्ति थे। सीएम सुक्खू ने पूर्ववर्ती भाजपा सरकार पर वित्तीय कुप्रबंधन का आरोप लगाया है, जिसका दोष उन्होंने उनके द्वारा शुरू की गई मुफ्त की संस्कृति को दिया है। राज्य विधानसभा में सुक्खू कहना चाहते थे कि इन सभी मुफ्त सुविधाओं ने उस वित्तीय संकट में प्रमुख भूमिका निभाई है जिसका राज्य वर्तमान में सामना कर रहा है।

लेकिन उन्होंने सदन के सदस्यों से कहा कि राज्य के खजाने की स्थिति जल्द ही बेहतरी के लिए बदल जाएगी। उन्होंने कहा कि वह हिमाचल प्रदेश को 2027 तक आर्थिक रूप से स्वतंत्र राज्य और 2032 तक देश का सबसे समृद्ध राज्य बनाना चाहते हैं।

कर्मचारियों को वेतन नहीं मिलने पर सचिवालय कर्मचारी संघ के अध्यक्ष संजीव शर्मा ने कहा कि हर बार पेंशनभोगियों और कर्मचारियों को हर महीने की 1 तारीख तक वेतन मिल जाता है। उन्होंने कहा कि ऐसा मैं पहली बार देख रहा हूं जब 3 सितंबर है और कर्मचारियों को वेतन नहीं मिला है।

**राहुल के ऑफर का संजय ने किया स्वागत.....**

### अंतिम फैसला केजरीवाल पर छोड़ा

नई दिल्ली । हरियाणा विधानसभा चुनाव को लेकर आम आदमी पार्टी और कांग्रेस में गठबंधन हो सकता है। दरअसल कांग्रेस नेता राहुल गांधी के ऑफर पर आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने बड़ा बयान दिया है। सिंह ने कहा कि मैं राहुल गांधी के बयान का स्वागत करता हूं। बीजेपी को हराना हमारी प्राथमिकता है। लेकिन मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की सहमति से फैसला होगा। बता दें कि हरियाणा की 90 विधानसभा सीटों पर 5 अक्टूबर को चुनाव होना है। इस पर कांग्रेस पार्टी में मंथन का दौर जारी है। हरियाणा के एआईसीसी प्रभारी दीपक बाबरिया ने बताया था कि बुधवार तक अंतिम सूची जारी कर दी जाएगी। उन्होंने कहा था कि विनेश फोगट को लेकर चल रही अटकलों पर भी मंगलवार तक विराम लगेगा। राज्य की स्क्रीनिंग कमेटी ने 49 नामों की सूची पेश की, जिसमें से 34 को मंजूरी मिल गई है और 15 नाम लंबित हैं। 22 मौजूदा विधायकों को टिकट मिलने पर मुहर लग गई है। हरियाणा के विधानसभा चुनाव के लिए पांच अक्टूबर को वोटिंग होगी। यहां एक ही चरण में सभी 90 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। पहले यहां 1 अक्टूबर को वोटिंग होनी थी। लेकिन बिश्नोई समाज के सदियों पुराने त्यौहार आसोज अमावस्या के चलते तारीख को आगे बढ़ा दिया गया है। इसके नतीजे 8 अक्टूबर को जम्मू-कश्मीर चुनाव के साथ ही घोषित किए जाएंगे।

# भेड़िये के बाद अब सियारों की एंट्री......... मां के साथ सो रही नवजात बच्ची ले भागे

**-रोने की आवाज सुनकर परिजन पहुंचे तो नोच रहा था उसका शरीर**



**New Delhi/Alive News**

यूपी के बहराइच में आदमखोर भेड़ियों ने आतंक मचा रखा है। भेड़िये मासूम बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को अपना शिकार बना रहे है। इसी बीच सुलतानपुर से भी ऐसा ही एक मामला सामने आया है। यहां पर एक सियार ने आतंक मचा रखा है। सियार बीती रात करीब चारपाई पर अपनी मां के साथ सो रही नवजात बच्ची को उठा ले गया। करीब 60 मीटर दूर ले जाकर बच्ची को नोचना शुरू किया तो बच्ची रोने लगी। आवाज सुनकर माता-पिता वहां पहुंचे तो सियार भाग गया। सियार के हमले से बच्ची की मौत हो गई। यह मामला मोतिगरपुर थाना क्षेत्र की ग्राम पंचायत दियरा के कोड़रिया पुरवे का है। गांव निवासी मोनू अपनी पत्नी बच्चों के साथ सोए हुए थे। पत्नी मुस्कान अपनी नवजात बेटी काजल (2 माह) व अन्य बच्चों के साथ चारपाई पर सो रही थी जबकि पिता मोनू बेटे सुल्तान के साथ दूसरी चारपाई पर लेटा था। उन्होंने बताया कि रात करीब एक बजे बेटी के रोने की आवाज सुनकर जागे तो नवजात काजल चारपाई पर नहीं थी। बच्ची के रोने की आवाज घर के पास खेतों में से आ रही थी। जब वह वहां पहुंचे तो सियार बच्ची को नोच रहा था, उन्हें देखकर भाग गया। सियार के हमले से नवजात के सिर के ऊपरी हिस्से में गहरा घाव हो गया है। परिजन उसे अस्पताल ले गए जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। बच्ची की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। घटना की जानकारी ग्राम प्रधान ने पुलिस को दी। वहीं, 10 दिन पहले पास के एक गांव खैरहा निवासी बुजुर्ग बंशीधर चौबे को भी सियार ने चेहरे पर काट लिया था। सियार के हमले से अब इलाके में दहशत का माहौल है।

# सुप्रीम कोर्ट की निचली अदालतों को हिदायत....... पीठ के फैसलों के खिलाफ काम ना करे

**New Delhi/Alive News**



सुप्रीम कोर्ट ने सख्त हिदायत दी कि निचली अदालतों के लिए मुकदमों की जल्दी सुनवाई के लिए हाई कोर्ट समय सीमा तय कर रहे हैं और सिर्फ इस आधार पर जमानत देने से इंकार सही नहीं है। अदालत ने कहा कि यह शीर्ष अदालत के फैसले के खिलाफ है, क्योंकि इस तरह की समयावधि निर्धारित करना असाधारण मामलों में ही तय किया जाना चाहिए। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि हाई कोर्ट द्वारा मुकदमों के जल्दी निपटान और जल्द सुनवाई के लिए जमानत देने से इंकार शीर्ष अदालत की संविधान पीठ के फैसलों के खिलाफ है। रिपोर्ट मुताबिक, पीठ ने कहा, सर्वोच्च न्यायालय की संविधान पीठ की घोषणा के बावजूद, हमने देखा है कि कई उच्च न्यायालय जमानत खारिज करते समय मुकदमों की जल्दी सुनवाई तय करे हैं।

ऐसा नहीं हो सकता और सिर्फ इस आधार पर जमानत से इंकार करे कि मुकदमे का निपटारा शीघ्रता से होगा। मुकदमे की सुनवाई की सीमा का ऐसा निर्धारण केवल बहुत ही असाधारण मामलों में किया जाना चाहिए। गौरतलब है कि फरवरी में न्यायमूर्ति ओका की अध्यक्षता में संविधान पीठ के फैसले में कहा गया था कि अदालतों को किसी अन्य अदालत में लंबित मामलों के लिए समयबद्ध कार्यक्रम निर्धारित करने से बचना चाहिए।

# महिला सुरक्षा पर ममता का एंटी रेप बिल पास.......जल्द जांच और जल्द फांसी

**-भाजपा का बिल को समर्थन**



**New Delhi/Alive News**

पश्चिम बंगाल विधानसभा में एंटी रेप बिल पास हो गया है। बंगाल में ममता सरकार ने अपराजिता विधेयक को ट्रेनी डॉक्टर के साथ रेप और हत्या की घटना के बाद विधानसभा में पेश किया था। इसके लिए विधानसभा का स्पेशल सत्र बुलाया गया था। ममता सरकार ने बिल को अपराजिता महिला एवं बाल विधेयक 2024 नाम दिया है। बिल पर बहस के दौरान सीएम ममता ने साल 2020 में उत्तर प्रदेश के हाथरस में 20 साल की दलित महिला के साथ रेप और 2013 में बंगाल के उत्तरी 24 परगना जिले में एक कॉलेज छात्रा की रेप और बर्बर हत्या के साथ ही जयपुर में एक सरकारी अस्पताल में एक बच्ची के रेप का जिक्र किया। ममता ने कहा भाजपा शासित यूपी और गुजरात जैसे राज्यों में महिलाओं के खिलाफ अपराध की दर असामान्य रूप से ज्यादा है। वहां न्याय नहीं है, लेकिन बंगाल की महिलाओं को अदालतों में न्याय मिलेगा।

**कानून तत्काल प्रभाव से लागू हो**

बिल पेश होने के बाद नेता प्रतिपक्ष सुवेंदु अधिकारी ने कहा, हम चाहते हैं कि यह कानून तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया जाए। बिल को लागू करवाना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। हमें परिणाम चाहिए।

**एंटी रेप बिल के बारे में जानिए सबकुछ**

- इस बिल के भीतर रेप और हत्या करने वाले अपराधी के लिए फांसी की सजा का प्रावधान।
- चार्जशीट दायर करने के 36 दिनों के भीतर सजा-ए-मौत का प्रावधान।
- 21 दिन में जांच पूरी करनी होगी।
- अपराधी के मददगार को 5 साल की कैद की सजा का प्रावधान।
- हर जिले के भीतर स्पेशल अपराजिता टास्क फोर्स बनाए जाने का प्रावधान।
- रेप, एसिड, अटैक और छेड़छाड़ जैसे मामलों में ये टास्क फोर्स लेगी एक्शन।
- रेप के साथ ही सिड अटैक पर भी आजीवन कारावास की सजा का प्रावधान।
- पीड़िता की पहचान उजागर करने वालों के खिलाफ 3-5 साल की सजा का प्रावधान।
- अपराजिता बिल कैसे बनेगा कानून?
- अपराजिता विधेयक को पारित होने के लिए राज्यपाल, राष्ट्रपति की मंजूरी की जरूरत होगी। विधानसभा में अपराजिता बिल पारित होने के बाद हस्ताक्षर के लिए राज्यपाल के पास भेजा जाएगा। इसके बाद बिल को राष्ट्रपति से मंजूरी मिलना जरूरी है।




# बैंकिंग सेक्टर में भी इस तरह बन सकते हैं लीडर

**जरूरी नहीं कि हमेशा बॉस ही लीडर हो, कोई और भी लीडर हो सकता है। लीडरशिप का गुण ऑफिस में आपके व्यवहार में प्रतिबिंबित हो ही जाता है। बैंकिंग सेक्टर में भी हर ब्रांच में एक लीडर की जरूरत होती है और बैंक ऑफिसर्स की भर्ती करने वाले इंटरव्यू पैनल ऐसे ही लीडर की तलाश में होते हैं। किसी बैंक ब्रांच में दूसरों का नेतृत्व करने के लिए कई गुणों की जरूरत होती है।**

किसी भी सेक्टर में या किसी भी ऑफिस में, ऐसे लोग होते हैं जो दूसरों को उनका काम करने में मार्गदर्शन देते हैं। जरूरी नहीं कि हमेशा बॉस ही लीडर हो, कोई और भी लीडर हो सकता है। लीडरशिप का गुण ऑफिस में आपके व्यवहार में प्रतिबिंबित हो ही जाता है। बैंकिंग सेक्टर में भी हर ब्रांच में एक लीडर की जरूरत होती है और बैंक ऑफिसर्स की भर्ती करने वाले इंटरव्यू पैनल ऐसे ही लीडर की तलाश में होते हैं। किसी बैंक ब्रांच में दूसरों का नेतृत्व करने के लिए कई गुणों की जरूरत होती है। कारण यह कि बैंक में किसी भी दिन ऐसी कई स्थितियां बन सकती हैं, जिनमें संभव है कि ब्रांच मैनेजर भी न समझ पाए कि क्या किया जाना चाहिए। ऐसे में जरूरी हो जाता है कि ब्रांच में कोई तो हो, जो रास्ता दिखा सके। एक बैंकर को अच्छा लीडर बनाने वाले गुण इस प्रकार हैं –

## त्वरित बुद्धि

यह सबसे ज्यादा जरूरी है क्योंकि जब भी पैसों संबंधी कोई समस्या उठ खड़ी होती है, तो अक्सर लोगों का दिमाग काम करना बंद कर देता है। आखिर सवाल रुपए–पैसों का जो है! ऐसी स्थिति में एक लीडर की त्वरित बुद्धि के चलते उसके समक्ष एक नहीं, अनेक उपाय उठ खड़े होंगे। तब वह उनमें से श्रेष्ठ उपाय को चुनकर लागू करेगा।

## ठंडा दिमाग

लीडरशिप के लिए यह बहुत जरूरी होता है। बैंकिंग में आपका पाला कई लोगों से पड़ेगा और सब एक जैसे नहीं होंगे। ऐसे भी लोग होंगे, जो बैंक में आकर आपसे या स्टाफ के किसी अन्य सदस्य से बहस करेंगे लेकिन ऐसे में आपको अपना संतुलन नहीं खोना है। याद रखें, वह व्यक्ति तो अपना काम कराकर चला जाएगा लेकिन यदि आप गरम दिमाग से दिन भर काम करेंगे, तो आपसे जरूर कोई–न–कोई गलती हो ही जाएगी! इसलिए लीडर के लिए हर हाल में शांत बने रहना जरूरी है। वैसे भी ग्राहक तो ग्राहक होता है और बैंक कर्मचारी के तौर पर आपका काम उसकी सेवा करना ही है।

## लचीलापन

लीडर होने का यह मतलब नहीं कि आप अपनी मर्जी से लोगों को हांक लेंगे। यह संभव नहीं कि किसी के पास हर समस्या का समाधान हो। हो सकता है कि आपके पास किसी समस्या का समाधान न हो लेकिन किसी और के पास यह होगा। आपको उस शख्स की मदद लेनी होगी ताकि काम हो सके। एक सच्चा लीडर इतना लचीलापन हमेशा रखता है।

## अच्छे संबंध रखें

बैंकिंग में यह बहुत जरूरी है क्योंकि बैंकिंग का व्यवसाय मूल रूप से विश्वास पर ही टिका होता है। आपको ब्रांच के हर कर्मचारी तथा ग्राहक के साथ अच्छे संबंध बनाकर रखने होते हैं। इससे ब्रांच में माहौल सकारात्मक बना रहता है।

## दूसरों का सहारा बनें


गलती हर किसी से होती है और बैंकिंग में होने वाली गलती पैसे से जुड़ी ही होगी। बैंकर के रूप में, आपको जरूरत के समय अपने साथियों का साथ देना चाहिए। इससे उनकी नजरों में आप सच्चे लीडर होंगे।

## लगन व परिश्रम

लीडर होने का मतलब है दूसरों के लिए मिसाल पेश करना और लगनशील व परिश्रमी होने की मिसाल से बेहतर क्या हो सकता है? जब साथी आपको मेहनत कर परिणाम प्राप्त करते देखेंगे, तो वे भी ऐसा ही करने को प्रेरित होंगे।

## औरों से दो कदम आगे रहें

बैंकिंग जैसे प्रतिस्पधी क्षेत्र में यह बहुत जरूरी है कि लीडर अपनी सोच और अपने व्यवहार में दूसरों से हमेशा दो कदम आगे रहे। तभी तो वह अपने संस्थान को आगे ले जा पाएगा।





# फोटोग्राफी की इन शाखाओं में बना सकते हैं शानदार करियर

फोटोग्राफी अभिव्यक्ति का एक सशक्त माध्यम है। इस बात को ऐसे भी समझा जा सकता है कि किसी बात को कहने में जहां हजार शब्दों की जरूरत पड़ सकती है, वहीं एक फोटो हजार शब्दों को बयां कर देता है। फोटोग्राफी में करियर बनाने के लिए इस फील्ड में अनुभव के साथ इसका शौक होना भी बहुत जरूरी है। यह क्षेत्र न सिर्फ अच्छा पैसा देता है, बल्कि ग्लैमर से भी जुड़ा हुआ है।

## क्या आपमें है धैर्य?

इस क्षेत्र में सफल होने के लिए एक मूलमंत्र है धैर्य। अच्छे क्लिक के लिए धैर्य की बहुत जरूरत होती है। फिर चाहे आप किसी भी माहौल में काम कर रहे हों। तनावपूर्ण माहौल हो या भीड़ भरे इलाके, फोटोग्राफर को अच्छा परिणाम देने में सक्षम होना पड़ता है। फोटोग्राफर और सिनेमेटोग्राफर के लिए अपनी आंखों का सही इस्तेमाल करना बेहद जरूरी है। उसके लिए उसका कैमरा ही उसकी आंखें है। इसके अलावा, फ्रीलांस फोटोग्राफर या व्यवसायिक फोटोग्राफरों के पास तकनीकी कौशल के साथ व्यापारिक समझ भी होनी चाहिए। तकनीकी पहलू लाइटिंग, लैंस, रिफ्लेक्टर, फिल्टर और सेटिंग्स जैसी तकनीकों का इस्तेमाल करके ही फोटोग्राफर किसी पिक्चर को कैप्चर करते हैं। इसी के साथ अच्छी फोटो खींचने के लिए कई चीजों के समायोजन की जरूरत होती है, जैसे कैमरे की क्वॉलिटी, सब्जेक्ट, लाइटिंग, फोटोग्राफर का कौशल आदि। डिजिटल कैमरों में इलेक्ट्रॉनिक मेमरी का इस्तेमाल किया जाता है। इन तकनीकों की जानकारी होना आज के समय में जरूरी है।

## फोटोग्राफी की शाखाएं

फोटोग्राफी की कुछ खास शाखाएं हैं, जिनमें आप अपना करियर बना सकते हैं। ये इस प्रकार हैं –

**विज्ञापन/ फैशन** – विज्ञापनों और विज्ञापन एजेंसियों के कार्य के लिए कुशल फोटोग्राफरों की जरूरत होती है। फैशन फोटोग्राफी काफी हद तक एडवर्टाइजिंग फोटोग्राफी के समान ही होती है लेकिन इसमें तकनीक से ज्यादा परिधानों को उजागर करने की क्षमता जरूरी होती है।

**कला/ फिल्म** – आजकल किसी भी फिल्म की मेकिंग से लेकर उसके प्रदर्शन तक सारी गतिविधियां कैमरे में कैद की जाती हैं। इसके लिए हाई क्वॉलिटी और हाई रिजॉल्यूशन फोटोग्राफी का विशेष तौर पर ध्यान रखा जाता है।

**साइंस/ मेडिकल/ तकनीक** – इन क्षेत्रों में कार्यरत फोटोग्राफर कला से ज्यादा महत्व वस्तुपरक दृष्टिकोण को देते हैं, जिससे तथ्य को समझने में आसानी हो सके। फॉरेन्सिक लैब हो या वारदात का स्थान, सभी जगह कई एंगलों से फोटो खींचने होते हैं।


**फोटो जर्नलिज्म** – अगर आप फोटो जर्नलिस्ट हैं, तो तुरंत घटनास्थल तक पहुंचने के साथ ही सबसे पहले प्रेस या स्टूडियो तक जानकारी पहुंचाने की जिम्मेदारी आपको ही निभानी होती है। फोटो जर्नलिज्म में फोटो की श्रृंखलाओं के माध्यम से किसी विषय या घटना के बारे में स्टोरी फाइल की जाती है। आज के डिजिटल दौर में विश्व की प्रमुख घटनाओं को फोटो के माध्यम से कवर करने का रुझान तेजी से बढ़ा है।

## कैसे करें शुरूआत?

बारहवीं या ग्रेजुएशन के बाद इस फील्ड में प्रवेश लिया जा सकता है। इस कोर्स को सरकारी या निजी स्तर पर कई संस्थान कराते हैं। कोर्स करने से पहले बेसिक फोटोग्राफी का ज्ञान हासिल कर लेना अच्छा रहता है। बेहतर होगा कि एक डिजिटल कैमरा लेकर इसकी शुरूआत कर दी जाए। जब आपको लगे कि आप इस कोर्स के लिए पूरी तरह तैयार हैं, तो फिर डिजिटल एसएलआर खरीदकर प्रोफेशनली इससे जुड़ जाएं।

## प्रशिक्षण भी अहम

फोटोग्राफी के प्रशिक्षण के लिए किसी अच्छे संस्थान से फाइन आर्ट्स या मास कम्युनिकेशन कोर्स करके अच्छा ज्ञान प्राप्त किया जा सकता है। वहीं मोशन फोटोग्राफी का प्रशिक्षण फिल्म एवं टेलीविजन संस्थानों द्वारा दिया जाता है। सबसे पहले किसी अच्छे संस्थान में प्रवेश लेना जरूरी है। इनमें फोटोग्राफी कला का अध्ययन कराया जाता है। इससे आपको मूलभूत जानकारी प्राप्त हो सकेगी। जब आपको लगे कि आप पर्याप्त सक्षम हो गए हैं, तो किसी एक्सपर्ट फोटोग्राफर के साथ काम कर बारीक चीजों को भी सीख सकते हैं। फिर उच्च शिक्षण संस्थान की ओर रुख कर सकते हैं। यदि यह तरीका न भाए, तो दूसरे तरीके से फाइन आर्ट्स, विजुअल आर्ट्स, मास कम्युनिकेशन, जर्नलिज्म जैसे कोर्स में प्रवेश लें। इसमें आपको फोटोग्राफी मुख्य कोर्स के तौर पर पढ़ाई जाएगी। ध्यान रहे, प्रशिक्षण आपको तकनीकी पहलुओं की जानकारी दे सकता है लेकिन नए विचार और व्यक्तिगत स्टाइल तो स्वयं ही विकसित करनी होती है। व्यवहारिक ज्ञान यहां सबसे जरूरी होता है।



# इन टिप्स को अपनाकर बन सकते हैं एक अच्छा मैनेजर

**किसी भी संस्थान में एक मैनेजर की अहम भूमिका होती है। अगर आप भी अपने करियर में आगे बढ़ते हुए इस पद पर पहुंच गए हैं या पहुंचना चाहते हैं तो आपको अपने कार्यक्षेत्र के अलावा और भी चीजों पर ध्यान देना होगा। आपको अपनी सॉफ्ट स्किल्स की असली परीक्षा यही देनी होती है। एक लीडर के रूप में आप सभी सफल हो सकते हैं जब आपके कर्मचारी आपके साथ खुश, प्रेरित और उत्साहित महसूस करें।**

## कर्मचारियों को प्रेरित करना

अगर आप अपनी टीम का सम्मान करेंगे तो वे आपका सम्मान करेंगे। आपको उनकी हर छोटी–बड़ी चीजों का एप्रिशियेट करना होगा। उनसे अपने काम की ही फीडबैक न लेते रहें, बल्कि उनकी व्यक्तिगत समस्याओं को शेयर करने के लिए भी प्रोत्साहित करें।

## फील गुड कराएं

कर्मचारियों से केवल काम लेना है, ऐसी सोच आपके अच्छे मैनेजर बनने का गुण नहीं है। एक सफल मैनेजर में अपने कर्मचारियों की अच्छी बातों और क्षमताओं को पहचाने की समझ होती है। उनका मनोबल बढ़ाने के साथ उन्हें ऐसा माहौल दें कि वे बेहिचक काम कर सकें।

## पीठ पीछे भी प्रशंसा

आपको उनके काम, व्यवहार, उदारता की तारीफ उनके सामने तो करनी ही चाहिए। साथ ही आपको उनके पीठ पीछे भी तारीफ करना चाहिए। एक कर्मचारी जो जानता है कि उसकी कितनी प्रशंसा की जाती है तो वह ज्यादा मेहनत करेगा, अपने काम में ज्यादा आनंद लेगा और इस मानसिक खुशी को वह दूसरे कर्मचारियों के साथ बांटेगा।

## जिम्मेदारी सौंपे

आप एक मैनेजर है क्योंकि आप अपने काम में एक्सपर्ट है लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि आपको सारा काम खुद करना है। आपको यह समझ होनी चाहिए कि कौन सा काम,कौन सा कर्मचारी बखूबी पूरा कर सकता है। आपको अपने कर्मचारी को सीखने और नए अवसर देने की कोशिश करनी चाहिए। धीरे–धीरे जैसे आप उनकी सक्षमता और कमजोरियों को समझने लगें उन्हें ज्यादा जिम्मेदारी के काम सौंपें।





# मैथ्स में है रूचि तो इन क्षेत्रों में बना सकते हैं करियर

गणित मनुष्य के ज्ञान की एक अत्यधिक उपयोगी तथा आकर्षक शाखा है। इसमें अध्ययन के कई विषय शामिल हैं। भारत में प्राचीन काल से ही गणित की एक सुदृढ़ परंपरा रही है और आज भी यहां गणित में विश्व स्तर के अनुसंधान करने वाले अनेक संस्थान हैं। गणनाओं में रुचि रखने वाले युवा बड़ी संख्या में गणित को करियर के रूप में चुनते हैं। गणित लगभग सभी वैज्ञानिक अध्ययनों का एक अनिवार्य अंग है। वैज्ञानिक गणित का उपयोग प्रयोगों की रूपरेखा बनाने, सूचना का विश्लेषण करने, गणित के सिद्धांतों द्वारा अपने निष्कर्ष उचित रूप में व्यक्त करने तथा इन निष्कर्षों के आधार पर सटीक भविष्यवाणी करने के लिए करते हैं। खगोल विज्ञान, रसायन विज्ञान तथा भौतिक विज्ञान जैसे विषय तो गणित पर ही निर्भर हैं। सामाजिक विज्ञान, अर्थशास्त्र, सांख्यिकी, इंजीनियरिंग आदि भी गणित की ही शाखाओं पर निर्भर होते हैं।

भारत में 135 से भी अधिक विश्वविद्यालय गणित से जुड़े कोर्स चलाते हैं। कुछ विश्वविद्यालय शुद्ध गणित (प्योर मैथमेटिक्स) व अनुप्रयुक्त गणित (अप्लायड मैथमेटिक्स) में विशेषज्ञता प्रदान करते हैं। आप कुछ स्थानों पर चलाए जाने वाले एकीकृत एमएससी पीएचडी डिग्री कोर्स के लिए भी आवेदन कर सकते हैं। यूं देश में स्नातक स्तर पर गणित की शिक्षा देने वाले दो विश्व स्तरीय संस्थान हैं भारतीय सांख्यिकी संस्थान (आईएसआई), बेंगलुरू तथा चेन्नाई गणित संस्थान (सीएमआई), चेन्नाई। आईएसआई से गणित व कम्प्यूटर विज्ञान में बी. मैथ्स डिग्री तथा सीएमआई से गणित की बीएससी डिग्री की जा सकती है। इनमें प्रवेश प्रत्येक वर्ष मई के अंत में देश के विभिन्ना केंद्रों पर आयोजित की जाने वाली एक लिखित प्रवेश परीक्षा के माध्यम से दिया जाता है। ये दोनों संस्थान ऐसे विद्यार्थियों को भी अपने यहां प्रवेश देते हैं, जो इंडियन नेशनल मैथमेटिकल ओलिंपियाड (आईएनएमओ) में पास होते हैं या किशोर वैज्ञानिक प्रोत्साहन योजना (केवीपीवाई) अध्येता होते हैं। गणित में विशेषज्ञतापूर्ण कोर्स चलाने वाले देश के अन्य प्रमुख संस्थान इस प्रकार है –

औद्योगिक गणित में पाठ्यक्रम पुणे विश्वविद्यालय, पुणे में उपलब्ध है।

न्यूमेरिकल मैथमेटिक्स पाठ्यक्रम मदुरै कामराज विश्वविलय, मदुरै में उपलब्ध है।

गणितीय अर्थशास्त्र में पाठ्यक्रम देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इंदौर में उपलब्ध है।

इसके अलावा एमएससी व पीएचडी कोर्स के लिए देश के प्रमुख संस्थान इस प्रकार हैं –

टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ फंडामेंटल रिसर्च (टीआईएफआर), मुंबई। लिखित परीक्षा तथा उसके बाद साक्षात्कार के माध्यम से इस संस्थान के पीएचडी पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया जाता है।

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च (आईआईएसईआर), पुणे/ मोहाली/ कोलकाता/ तिरुवनंतपुरम/ भोपाल तथा नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ साइंस एजुकेशन एंड रिसर्च (एनआईएसईआर), भुवनेश्वर में भी गणित में एकीकृत एमएससी डिग्री कोर्स उपलब्ध है। आईआईएसईआर विद्यार्थियों को आईआईटी प्रवेश परीक्षा के आधार पर प्रवेश देता है, जबकि एनआईएसईआर नेशनल एंट्रेंस स्क्रीनिंग टेस्ट (एनईएसटी) के माध्यम से प्रवेश देता है।

हैदराबाद विश्वविलय द्वारा गणित में एकीकृत एमएससी पाठ्यक्रम चलाया जाता है। यह विश्वविद्यालय जून के आरंभ में आयोजित की जाने वाली लिखित परीक्षा के माध्यम से प्रवेश देता है।

## विषय एक संभावनाएं अनेक

गणित तथा इससे जुड़े प्रमुख करियर इस प्रकार हैं

### गणितज्ञ

गणितज्ञों को गणित का अध्ययन अथवा अनुसंधान करना होता है। वे गणित के अनसुलझे रहस्यों को उजागर करने का प्रयास करते हैं।

### शिक्षण

गणित के शिक्षकों की मांग कल भी थी, आज भी है और भविष्य में भी रहेगी। गणित पूरी स्कूली शिक्षा में एक मुख्य विषय होता है। यदि आपमें संख्याओं के प्रति गहरा आकर्षण है और विद्यार्थियों को पढ़ाने में आपकी रुचि है, तो आप शिक्षण के क्षेत्र में भी करियर बना सकते हैं। शिक्षा के क्षेत्र में कार्य करने वाले गणितज्ञों का अध्यापन तथा अनुसंधान में खास योगदान होता है।

### सॉफ्टवेयर इंजीनियर

भारतीय सॉफ्टवेयर इंजीनियरों की न केवल भारत में बल्कि विश्व भर में धूम मची हुई है। वैश्विक आईटी इंडस्ट्री भारतीय सॉफ्टवेयर इंजीनियरों को रोजगार देने के लिए बाहें फैलाए खड़ी है। सॉफ्टवेयर इंजीनियर सॉफ्टवेयर के प्रयोग तथा उनकी प्रणाली का सृजन, परीक्षण, विश्लेषण व मूल्यांकन करने के लिए कम्प्यूटर विज्ञान और गणितीय विश्लेषण के सिद्धांतों को कार्यान्वित करते हैं।

### बैंकिंग

वित्तीय समावेशन को बढ़ावा देने के चलते बैंक तेजी से अपनी शाखाएं बढ़ा रहे हैं, जिससे इस क्षेत्र में रोजगार के हजारों नए अवसर निर्मित हो रहे हैं। गणित में महारथ रखने वाले युवा बैंकिंग के विभिन्न क्षेत्रों में कार्य कर सकते हैं।

### चार्टर्ड अकाउंटेंट

उदारीकरण के बाद भारतीय अर्थव्यवस्था के तीव्र विकास के चलते अकाउंट्स तथा फाइनेंस के क्षेत्र में करियर ने खूब लोकप्रियता अर्जित की है। इस क्षेत्र में चार्टर्ड अकाउंटेंट का एक अत्यधिक प्रतिष्ठित करियर विकल्प है। मैथ्स व कॉमर्स में रुचि रखने वाले युवा इस क्षेत्र में बढ़िया करियर बना सकते हैं।

### कम्प्यूटर सिस्टम्स एनालिस्ट

कम्प्यूटर सिस्टम्स एनालिस्ट के लिए सॉफ्टवेयर, अनुसंधान, शिक्षा, सिक्यूरिटी, बैंकिंग, अर्थशास्त्र, इंजीनियरिंग, कम्प्यूटर विज्ञान, भौतिकी, तकनीकी शाखाओं आदि में रोजगार के ढेरों अवसर हैं। अधिकांश सिस्टम्स एनालिस्ट लागत–लाभ व निवेश पर मुनाफा का विश्लेषण तैयार करने के लिए विशिष्ट प्रकार की कम्प्यूटर प्रणालियों पर कार्य करते हैं और मैनेजरों को यह निर्णय लेने में सहायता करते हैं कि या प्रस्तावित टेक्नोलॉजी वित्तीय दृष्टि से कारगर होगी या नहीं।



Faridabad News

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@ gmail.com
website: www.alivenews.co.in

# बिजली कटौती से परेशान लोगों ने सब स्टेशन का घेराव कर किया जोरदार हंगामा

Faridabad/Alive News

ग्रेटर फरीदाबाद सेक्टर- 89 स्थित पुरी अमन विला, पुरी लैवेंडर, टीडीआई, द ग्रैंड रिट्रीट सोसाइटी, पुरी लग्जुरीया फ्लोर सोसाइटी में बिजली कटौती से परेशान लोगों ने बुधवार शाम सेक्टर- 31 स्थित बिजली सबस्टेशन का घेराव कर हंगामा किया। लोगों का आरोप है कि पांच सोसाइटियों में सुबह सात बजे से बिजली गुल है।



बिजली सबस्टेशन की लाइन में फॉल्ट आने से 6 हजार से अधिक परिवार पिछले 12 घंटे से परेशान है। इस संबंध में बिजली और निगम अधिकारियों से शिकायत के बाद भी समाधान न होने पर आज लोगों ने बिजली सबस्टेशन पहुंचकर हंगामा किया है।पुरी अमन विला सोसायटी के आरडब्ल्यूए पदाधिकारी प्रदीप धनखड़ ने बताया कि सोसायटी में मंगलवार को देर रात बिजली सप्लाई चालू हुई थी, लेकिन बुधवार सुबह करीब सात बजे फिर से लाइन में फॉल्ट आ गया और बिजली गुल हो गई।

पावर कट से परेशान लोग बिजली निगम और बिल्डर को फोन कर शिकायत करते रहे, लेकिन समाधान नहीं मिला। ऐसे में मजबूरन लोगों को सब स्टेशन का घेराव कर प्रदर्शन करना पड़ा। मशीन से फॉल्ट ढूंढ़ने की कोशिश की जा रही है, लेकिन अभी तक लाइन में फॉल्ट नहीं मिला है। सेक्टर 31 सब स्टेशन काफी दूर है। इस कारण बिजली केबल में बार-बार फॉल्ट होता रहता है।

# एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल में शपथ ग्रहण समारोह हुआ संपन्न

Faridabad/Alive News

शनिवार को एसआरएस इंटरनेशनल स्कूल, ग्रेटर फ़रीदाबाद में रोटरी क्लब ग्रीन, फरीदाबाद के तत्वावधान में इंटरैक्ट क्लब की स्थापना और शपथ ग्रहण समारोह संपन्न हुआ। इंटरैक्ट क्लब मुख्य रूप से समाज में विभिन्न मुद्दों पर जागरूकता फैलाने और समाज सेवा के कार्यों में अपना योगदान देता है।

एस आर एस इंटरनेशनल स्कूल में इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में हरियाणा जिला इंटरैक्ट क्लब की अध्यक्षा मीनाक्षी गुप्ता और रोटरी क्लब ग्रीन फरीदाबाद के प्रेसिडेंट और एस आर एस इंटरनेशनल स्कूल के डायरेक्टर श्री विनय गोयल उपस्थित रहे और छात्रों का मार्गदर्शन किया। क्लब के अन्य सदस्य भी इस अवसर पर मौजूद रहे। सरस्वती वंदना के साथ कार्यक्रम की शुरुआत की गई।इसमें विद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के छात्रों का चयन कर इंटरैक्ट क्लब का गठन किया गया



जिसमेंनिर्देशक, अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, संयुक्त सचिव सहित 15 सदस्यों को इंटरैक्ट क्लब की अध्यक्षा श्रीमती मीनाक्षी गुप्ता शपथ दिलाई गई और बैचेज़ प्रदान किए गए।

इस खास अवसर पर कक्षा बारहवीं की छात्रा तिस्या भुट्टन को अध्यक्षा, ग्यारहवीं की छात्रा आहना बत्रा- उपाध्यक्षा, बारहवीं के छात्र यथार्थ चौहान को संयुक्त सचिव, ग्यारहवीं के छात्र तक्षील को सचिव, दसवीं की छात्रा आर्या दत्ता को निर्देशक, कम्युनिटी सर्विस; दसवीं के छात्र पूर्णव सारस्वत को ट्रेजरार, नवीं के छात्र अथर्व कुमार को सार्जेंट ऑफ आर्म्स, नवीं की छात्रा अनन्या भिसे को निर्देशक, यूथ सर्विसेज़; नवीं के छात्र पार्थ बिरला को निर्देशक, क्लब सर्विसेज़; नवीं की छात्रा प्रांजल नेवर को निर्देशक, वोकेशनल सर्विसेज़; आठवीं के छात्र मुकुंद पाटिल को निर्देशक, इंटरनेशनल सर्विसेज़ सहित कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों भवी चौहान, आयुष्मान भट्ट, किशिता भारद्वाज, वान्या कक्कड़ को सदस्य मनोनीत किया गया।

इन सभी सदस्य छात्रों को इंटरैक्ट क्लब द्वारा किए जाने वाले विभिन्न सामाजिक और जागरूकता कार्यक्रमों के बारे में समझाया गया और उन्हें उनकी ज़िम्मेदारी सौंपी गई। इस अवसर पर मुख्य अतिथि मीनाक्षी गुप्ता ने इंटरैक्ट क्लब के तहत किए जाने वाले अनेक सामाजिक कार्यों की जानकारी देते हुए क्लब के छात्रों का मार्गदर्शन किया और शुभकामनाएँ दीं। रोटरी क्लब ग्रीन फरीदाबाद के प्रेसिडेंट विनय गोयल ने भी इंटरैक्ट क्लब के कार्यों की सराहना की और शुभकामनाएँ दीं। अंत में एक आकर्षक लोकनृत्य भी प्रस्तुत किया गया। इस खास अवसर पर रोटरी क्लब ग्रीन फरीदाबाद के परवीन शर्मा, राजन हंस, प्रमोद मिनोचा , संजीव जौहरी, पवन गिनोत्रा सहित विद्यालय की प्रधानाचार्या कृष्णा मिश्रा और विद्यालय मैनेजर तेजप्रकाश पांडेय भी उपस्थित रहे और क्लब के गठन की बधाई देते हुए सभी सदस्यों को शुभकामनाएँ दीं।

# शिक्षा भारती स्कूल में धूमधाम से मनाया गया जनमाष्टमी का त्योहार



Faridabad/Alive News

गांव पाखल सोहना रोड स्थित शिक्षा भारती सीनियर सेकेंडरी स्कूल में जनमाष्टमी का त्योहार बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। समारोह में नन्हें-मुन्ने बच्चों ने नटखट नंद गोपाल की भूमिका में नजर आए। ये बच्चें कोई कृष्ण कन्हैया तो कोई राधा की भूमिका में नजर आया। वहीं राधा-कृष्ण के अलावा वासुदेव, देवकी, ग्वाले और गोपियों की वेशभूषा में नजर आए। समारोह में बच्चों ने अलग अलग गीतों पर नृत्य प्रस्तुत कर दीर्घा में बैठे दर्शकों का दिल जीत लिया। स्कूल की प्रिंसिपल सुशील गेरा ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने सत्य के रास्ते पर चलते हुए और लोगों को असुरो के अत्याचारों से मुक्ति दिलाई। द्रोपदी की लाज बचाई। इस तरह हमें भी प्रेम, करुणा और न्याय के मार्ग पर चलना चाहिए। स्कूल के डायरेक्टर विनीत गेरा ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जन्म मथुरा के पास एक गोकूल गांव में हुआ था। इसके अलावा भारत के कुछ हिस्सों में बुराई के विनाश के प्रतीक के रूप में दही हांडी का भी आयोजन किया जाता है। स्कूल के चेयरमैन सुरेंद्र गेरा ने कहा कि जनमाष्टमी के अवसर पर हमें भगवान श्री कृष्ण के उपदेशों को याद करना चाहिए और उनके अपदेशों को अपने जीवन में उतारना चाहिए।

# जीवा स्कूल में शिक्षा, संस्कृति एवं तकनीकी ज्ञान कार्यशाला आयोजित



Faridabad/Alive News

सेक्टर 21बी स्थित जीवा पब्लिक स्कूल के जीवा इंटरैक्ट क्लब ने न्यूयॉर्क, संयुक्त राज्य अमेरिका में रहने वाली किमाया और उनके भाई रोशन के साथ एक शिक्षा, संस्कृति एवं तकनीकी ज्ञान का आदान-प्रदान किया, इसमें उनकी माता निशा सिंह का भी अहम योगदान रहा। किमाया ग्यारहवीं कक्षा पढ़ती है और रोशन कक्षा नौवीं में पढ़ता है। इस कार्यशाला में दोनों बच्चों व उनकी मां ने न्यूयॉर्क की तकनीकी ज्ञान, शिक्षा एवं संस्कृति के साथ-साथ अनेक विषयों पर भी चर्चा की एवं विषय को विस्तार पूर्वक समझाया। उन्होंने अपने यहां की शिक्षा पद्धति, रहन-सहन इत्यादि के विषय में बताया। जीवा पब्लिक स्कूल की यह विशेषता है कि यहां पर अतिथियों का विशेष रूप से सम्मान एवं स्वागत किया जाता है, इसी के तहत इन अतिथियों का स्वागत परंपरागत

रूप से पुष्पहार से किया गया। अतिथियों और संवादकर्ताओं ने अपने विचारों और ज्ञान का आदान-प्रदान किया। अतिथियों को जीवा लर्निंग सिस्टम के विषय में बताया गया तो वे वास्तव में प्रभावित हुए, वे इसके बारे में और अधिक जानने के लिए उत्सुक थे। उन्होंने अपनी शिक्षण प्रणाली, स्कूल समय सारणी, रुचि के क्षेत्र और ज्ञान को बच्चों के साथ साझा किया। छात्रों ने भी इस कार्यक्रम से जुड़े अनेक विषयों एवं तथ्यों के बारे में बहुत कुछ सीखा।

# पेरिस पैरालंपिक में मनीष नरवाल ने हासिल किया रजत पदक

Faridabad/Alive News

पेरिस पैरालंपिक में मनीष नरवाल के रजत जीतने की सूचना मिलते ही परिवार और रिश्तेदारों ने जश्न शुरू कर दिया। परिजन, पड़ोसी और रिश्तेदार खुशी में ढोल की थाप पर झूमने लगे। पैरालंपिक के दूसरे दिन जिले के मनीष नरवाल ने 10 मीटर एयर पिस्टल में रजत पर निशाना लगाया। उनके पिता दिलबाग के मोबाइल पर देर रात लोगों के बधाइयों के संदेश आते रहे। इस दौरान उनके घर भी लोग बधाई देने पहुंचने लगे। उनके पिता का कहना था कि बेटे ने देश के लिए दूसरी बार पैरालंपिक में पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है। यह मेरे और परिवार के लिए गर्व की बात है। मनीष के लौटकर वापस आने के बाद जोरदार स्वागत किया जाएगा।बल्लभगढ़ के सेक्टर-65 निवासी मनीष नरवाल पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल एसएच1 स्पर्धा में भारत के लिए रजत पदक जीता है।

उन्होंने अपने लगातार दूसरे पैरालंपिक में पदक पर निशाना साधा है। इससे पहले भी टोक्यो पैरालंपिक में मनीष ने 50 मीटर पिस्टल एसएच1 मिश्रित स्पर्धा में भी स्वर्ण

**उनके पिता का कहना था कि बेटे ने देश के लिए दूसरी बार पैरालंपिक में पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है।**

जीता था। उनके पिता का कहना है कि वह पदक जीतने के लिए रोजाना आठ से 10 घंटे तक मेहनत करते हैं। जिससे की मैच में किसी प्रकार की चूक नहीं रह जाए। वह अभी तक भारतीय पैरा एथलीट 4 पदक जीत चुके हैं।मनीष नरवाल ने रजत पदक जीतकर देश का नाम रोशन कर दिया है। उनकी इस उपलब्धि पर पहले तो उनके माता-पिता बहुत भावुक हो गए। उसके बाद मनीष की मां संतोष देवी ने गर्व से कहा कि, 'बेटा देश के लिए मेडल लेकर आया है, जो हमारे लिए बहुत गर्व की बात है। हम बहुत खुश हैं, खुशी से हमारे आंसू नहीं रुक रहे हैं।' इससे पहले वह 2020 में पैरालंपिक में भी 50 मीटर फ्री स्टाइल पिस्टल में स्वर्ण पर निशाना लगा चुके हैं।

इसके साथ ही वह पैरा एशियाई में कांस्य व 2018 में स्वर्ण व रजत जीत चुके हैं।पेरु में पैरा शूटिंग में स्वर्ण जीतने के बाद मिला था ओलंपिक कोटापेरू के लीमा में आयोजित पैरा शूटिंग वर्ल्ड चैंपियनशिप के 10 मीटर एयर पिस्टल इवेंट में स्वर्ण जीतने के बाद मनीष को पैरालंपिक के लिए कोटा मिला था। 21 वर्षीय मनीष पिछले कई सालों से शूटिंग कर रहे हैं और वह 2021 में हुए पैरालंपिक में भी गोल्ड जीत चुके हैं। इसके अलावा कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता में पदक जीतकर देश का नाम रोशन कर चुके हैं।

# जिला स्तरीय प्रतियोगिता में सीनियर श्रीराम स्कूल का छात्र मोहद आयान प्रथम, योग में दूसरा स्थान



Faridabad/Alive News

मंगलवार को सेक्टर-12 खेल परिसर में शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता में जवाहर कॉलोनी 60 फीट रोड के सीनियर श्रीराम मॉडल हाई स्कूल के छात्रों ने अद्भूत प्रदर्शन करते हुए योग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। वहीं दूसरी तरफ मोहद आयान ने लान्ग जंप में प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में उनके उत्कृष्ट योगदान और कौशल ने उन्हें जिला स्तर पर सम्मानित किया है, जिससे स्कूल का नाम पूरे जिले में रोशन हुआ है। इस जीत के बाद सीनियर श्रीराम मॉडल हाई स्कूल की दसवीं कक्षा की छात्रा जाह्नवी उपाध्याय, सातवीं कक्षा की प्रिया रावत, सातवीं कक्षा की रचित्ता, चौथी कक्षा की आयुष रावत, चौथी कक्षा के कश्यप और चौथी कक्षा के आयुष सिंह का सेलेक्शन स्टेट लेवल की प्रतियोगिता के लिए हो गया है।

स्कूल के प्रिंसिपल विक्रम सिंह ने बच्चों के अद्भुत प्रदर्शन की प्रंशसा की और उन्हें बधाई दी। साथ ही उन्होंने कहा कि स्कूल में पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को खुद को पहचानने की और अध्यात्म ज्ञान से जोड़ा जाता है।

स्कूल की चेयरपर्सन डॉ अमृता ज्योति व डायरेक्टर गुरप्रीत कौर ने भी छात्रों को खेल में सफलता प्राप्त करने के लिए बधाई दी और उन्होंने भविष्य में हमेशा आगे बढ़ते रहने के लिए प्रेरित किया।

# ईएसआई मेडिकल कॉलेज के जूनियर डॉक्टरों से सीनियर डॉक्टरों ने की मुलाकात



Faridabad/Alive News

गुरूवार को ईएसआई मेडिकल कालेज फरीदाबाद में हड़ताल कर रहे जूनियर डॉक्टरों को मिलने के लिए सीनियर डॉक्टरों का एक दल गया। जैसा कि सभी को विदित है कि कोलकाता में हुई एक युवा डॉक्टर की बलात्कार के बाद निर्मम हत्या के बाद पूरे देश में बहुत ही रोष है। सभी डॉक्टर सरकार से मांग कर रहे हैं कि पीड़ित को न्याय मिले और सभी डॉक्टरों की सुरक्षा के लिए एक कड़ा केंद्रीय कानून बनाया जाना चाहिए। इसके अलावा सभी अस्पतालों में स्वास्थ्य कर्मियों के लिए काम करने के सुरक्षा का माहौल होना चाहिए, जिससे कि वह निडर हो अपना कर्तव्य निभा सकें। इस प्रतिनिधिमंडल में डॉ पुनीता हसीजा, पूर्व अध्यक्ष आई एम ए हरियाणा, डॉ सुरेश अरोड़ा, अध्यक्ष नर्सिंग होम्स एसोसिएशन फरीदाबाद, डॉ अजय कपूर, पूर्व उप अध्यक्ष आईएमए फरीदाबाद, डॉ संदीप मल्होत्रा, डॉ प्रेम मग्गू, डॉ हर्ष नंदिनी, डॉ हेमंत अत्री, डॉ रेखा मिश्रा, डॉ नीता दबाई, डॉ सरोज मग्गू शामिल थे। उन्होंने रेजिडेंट डॉक्टर को पूरी आर्थिक सहायता का भी आश्वासन दिया।

**CHANGE OF NAME**

I, Guddu Kumar S/o Late Sh. Vigu Yadav & mother name Mulari Devi @ Mular Devi W/o Late Sh Biggu Yadav @ late Sh Vigu Yadav R/o Village-Banahi, PO-Sherghati, PS-Amas, Distt. Gaya, Bihar-824211, declared that my.name DOB wrongly mentioned in Bank FD is Pankaj Kumar & DOB 05.01. 2000. My correct name & Guddu Kumar DOB 05.08.2004.

I, Mulari Devi @ Mular Devi W/o Late Biggu yadav @ Late Sh. Vigu Yadav R/o Village-Banahi, PO- Sherghati, PS-Amas, Distt. Gaya, Bihar-824211, declared that my son's name DOB wrongly mentioned in Bank FD as Akash Kumar & DOB 10.01.2002. My son's correct name is Vikash Kumar & DOB 10.01.2007.

# जीवा स्कूल में 'अभिभावक - शिक्षक भागीदारी' कार्यक्रम 'मंथन' का आयोजन

Faridabad/Alive News

सैक्टर 21 बी स्थित जीवा पब्लिक स्कूल में छठी कक्षा से लेकर कक्षा बारहवीं तक के छात्रों एवं उनके अभिभावकों के लिए क्ष्अभिभावक-शिक्षक भागीदारी मंथन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका मुख्य उद्देश्य बच्चों के उज्ज्वल और सफल भविष्य के लिए अध्यापकों और अभिभावकों की भागीदारी को सुनिश्चित करना है। बच्चों की सफलता के लिए आवश्यक है कि उनको बचपन से ही शिक्षा के साथ-साथ सिद्धांतों और मूल्यों से भी अवगत कराया जाए। बच्चों की दक्षता और निपुणता को पहचाना जाए, जीवा पब्लिक स्कूल मे बच्चों की दक्षता और निपुणता को बचपन से ही पहचाना जाता है और उनको उसी दिशा में पोषित किया जाता है।

इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से अभिभावकों को बेस्ट पैरेन्टिंग टिप्स दिए गए, यह भी बताया गया कि कैसे वे आज के कार्यक्रम के दौरान उन्हीं समस्याओं एवं प्रश्नों का समाधान दिया गया। ÷इस अवसर पर विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से



अभिभावकों को कुछ नियमों से अवगत कराया गया। ÷लिडर ऑफ स्ट्रैटेजिक प्रोजेक्ट एट जीवा लर्निंग सिस्टम जयवीर सिंह ने उपस्थित सभी अभिभावकों के साथ विद्यालय के सिद्धांतों के विषय में चर्चा की, उन्होंने कहा कि जीवा पब्लिक स्कूल में सिद्धांत, शिक्षा एवं दक्षता पर कार्य किया जाता है। उन्होंने अभिभावकों को समझाते हुए कहा कि बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए विद्यालय के साथ-साथ अभिभावकों की बराबर साझेदारी होनी चाहिए।

परीक्षा की तैयारी के विषय में उन्होंने कहा कि परीक्षा के समय बच्चों पर कभी दबाव न बनाएं, बच्चों को प्रोत्साहन दें, उनकी कमियों को स्वीकार करते हुए उन्हें उसी आधार पर आगे के लिए तैयार करें। उन्हें किसी भी तरह से हतोत्साहित न करें। परीक्षा के दौरान अच्छा पौष्टिक आहार दें और शारीरिक गतिविधियां भी करने दें। उन्होंने विद्यालय में ह्श्वक्क संगोष्ठी के विषय में भी जानकारी दी और उन्होंने बताया कि विद्यालय में आधुनिक शिक्षा एवं नैतिक मूल्यों का अद्भुत संगम है। उन्होंने पोजिटिव पैरेन्टिंग के सकारात्मक प्रभाव के विषय में भी बताया।

लिडर ऑफ स्ट्रैटेजिक प्रोजेक्ट एट जीवा लर्निंग सिस्टम जयवीर सिंह ने सभी अभिभावकों की समस्याओं एवं प्रश्नों का बहुत ही शानदार ढंग से उत्तर दिया।

इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान, उपाध्यक्षा चंद्रलता चौहान एवं प्रमुख संयोजिका मिनी जोसेफ उपस्थित रहीं और उन्होंने कार्यक्रम का अवलोकन किया।

# सीनियर श्रीराम स्कूल का कबड्डी प्रतियोगिता में दूसरा स्थान, तीन छात्रों का स्टेट लेवल की प्रतियोगिता में चयन



Faridabad/Alive News

शिक्षा विभाग की ओर से मंगलवार को सेक्टर 12 खेल परिसर में जिला स्तरीय खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जवाहर कॉलोनी 60 फीट रोड स्थित सीनियर श्रीराम मॉडल हाई स्कूल के आठवीं कक्षा के छात्रों ने अडर-14 आयु वर्ग कबड्डी प्रतियोगिता में दूसरा स्थान प्राप्त किया, जबकि पहले स्थान पर मोहना का एमपी स्कूल रहा। इस जीत के बाद सीनियर श्रीराम मॉडल हाई स्कूल के आठवीं के तीन खिलाड़ी गौरव, शुभम रावत, विक्रम नेगी का सेलेक्शन स्टेट लेवल की प्रतियोगिता के लिए हो गया है। स्कूल के प्रिंसिपल विक्रम सिंह राठौर ने विजता टीम के खिलाड़ियों के स्कूल पहुंचने पर उनका स्वागत किया और इस सफलता के लिए उन्हें बधाई दी। स्कूल की चेयरपर्सन डॉ अमृता ज्योति व डायरेक्टर गुरप्रीत कौर ने भी छात्रों को खेल में सफलता प्राप्त करने के लिए बधाई दी और उन्होंने कहा कि स्कूल बच्चों का सर्वांगीण विकास चाहता है। स्कूल में पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को खुद को पहचानने की और अध्यात्म ज्ञान से जोड़ा जाता है।

# बारिश के कारण पंचकुइयां रोड की पुलिया का निर्माण कार्य अधर में लटका

Swaranjali/Alive News

**फरीदाबाद:** बड़खल विधानसभा पंचकुइयां रोड पर पुलिया टूटने की वजह से नाले का काला पानी सड़क पर जमा हो रहा है जिसकी वजह से प्याली चौक के आसपास की सड़को पर दिनभर जाम लगा रहता है। लोगों का आरोप है कि नगर निगम अधिकारियों ने पुलिया की दीवार बनाने के लिए घटिया सामग्री का इस्तेमाल किया था जिसका खामियाजा आज लोगों को भुगतना पड़ रहा है। इतना ही नहीं पुलिया टूटने के बाद उद्योगिक क्षेत्र को जाने वाली सड़क को निगम अधिकारियों ने करीब एक महीने पहले मिट्टी डालकर रोक दिया था जिसके 20 दिन बाद




वर्क ऑर्डर किए गए और वर्क ऑर्डर के बाद भी नाले की पुलिया का काम अधर में लटका है। अधिकारी की माने तो ठेकेदार बरसात की वजह से नाले का काम शुरू नहीं कर पा रहा है।सड़क अवरुद्ध होने और नाले की पुलिया टूटने की वजह से प्याली चौक पर जलभराव हो रहा है। इस कारण दिनभर वाहनों का जाम लगा रहता है। जहां पर जलभराव हो रहा है वहां पर पार्क की दीवार पानी की वजह से खराब हो रही है। इस पार्क की दीवार को बने हुए एक साल भी नहीं हुआ है और जलभराव की वजह से कभी भी गिर सकती है।

**लोगों का आवागमन करना हो रहा है मुश्किल**

सड़क पर काला पानी बहने की वजह से लोगों का आवागमन करने में भी परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों का कहना है कि पुलिया टूटने की वजह से हाल ही दो बच्चे नाले में गिर गए थे जिन्हे बड़ी ही मशक्कत के बाद बाहर निकाला गया।

**रात के समय में हो सकता है बड़ा हादसा**–वहीं दूसरी तरफ स्थानीय अंकुश का कहना है कि इस मार्ग से रोजाना हजारों की संख्या में वाहन गुजरते हैं ऐसे में रात के समय में किसी के साथ भी हादसा हो सकता है और जान भी जा सकती है।

**निगम अधिकारी और विधायक नही ले रहे सुध**

बड़खल विधानसभा की विधायक सीमा त्रिखा आए दिन शहर के विकास को लेकर नए नए दोवें करती रहती हैं। परंतु शहर में विकास नहीं बल्कि लोगों की जिन्दगी के साथ खिलवाड़ हो रहा है।शहर मे खुले नालों की वजह से लोगों की जान जा रही है।

**क्या कहना है अधिकारी का**

इस संबंध में नगर निगम के कार्यकारी अभियंता नितिन कादयान से बात की तो उन्होंने बताया कि इस काम के लिए वर्क ऑर्डर हो चुका है, परंतु बारिश की वजह से ठेकेदार काम को आगे नहीं बढ़ा पा रहा है। बारिश बंद होते ही पुलिया का काम शुरू हो जाएगा।

# Editorial

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@ gmail.com
website: www.alivenews.co.in

# अरबपति दानवीर भी बन जाएं तो कुछ बात बने



आर.के. सिन्हा

**यह कहना सही नहीं है कि यूरोप और अमेरिका में भारत से ज्यादा दानवीर हैं।दानवीरता किसी भी देश या संस्कृति तक सीमित नहीं है। हर जगह अच्छे दिल वाले लोग होते हैं जो दूसरों की मदद करने को तैयार रहते हैं। हर देश के अपने-अपने दान करने के तरीके हैं और हर व्यक्ति की अपनी जरूरतें और सीमाएँ होती हैं. दानवीरता किसी भी व्यक्ति की व्यक्तिगत पसंद और क्षमता पर निर्भर करती है, न कि किसी देश या संस्कृति पर।**

अभी कुछ दिन पहले एक खबर मीडिया की सुर्खियों में थी कि भारत की वित्तीय राजधानी मुंबई अब एशिया की 'अरबपतियों की राजधानी' बन गई है। हुरुन इंडिया रिच लिस्ट 2024 के अनुसार, मुंबई में चीन के राजधानी शहर बीजिंग से भी ज्यादा अरबपति व्यक्ति रहने लगे हैं। भारत में मुंबई के बाद सबसे ज्यादा अरबपति अब दो और महानगरों नई दिल्ली और हैदराबाद में ही रहते हैं। उम्मीद करनी चाहिए कि देश में अरबपतियों की तादाद देश में विकास की रफ़्तार के साथ बढ़ती ही रहेगी। अरबपति छोटे शहरों और कस्बों में भी बने। पर भारत को फिलहाल सैकड़ों-हजारों दानवीर भी तो चाहिए।

भारत, अपने युवा और विविध जनसंख्या के बावजूद , दुनिया की सबसे तेजी से विकसित होने वाली अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। हालांकि, फि लहाल इसकी समृद्धि असमान रूप से वितरित है। लाखों लोग गरीबी, भुखमरी, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा तक की पहुँच से वंचित हैं। इस असमानता को कम करने और भारत को एक समृद्ध और न्यायपूर्ण राष्ट्र बनाने के लिए अधिक से अधिक दानवीरों की आवश्यकता है। हमें इस तरह के दानवीर चाहिएं जो हर साल बड़ी राशि स्वास्थ्य और शिक्षा क्षेत्रों में खर्च करें।

यह संतोष का विषय है कि बिल गेट्स ने अपनी समृद्धि का उपयोग मानवता की सेवा में किया है। उनके द्वारा स्थापित बिल एंड मेलिंडा गेट्स फाउंडेशन ने वैश्विक स्वास्थ्य, शिक्षा और विकास के क्षेत्र में अभूतपूर्व योगदान दिया है। भारत में स्वास्थ्य सेवा प्रणाली में बड़ी चुनौतियाँ हैं, जिसमें गरीबों के लिए स्वास्थ्य सेवा तक पहुँच सीमित है। बेशक, दानवीर स्वास्थ्य सेवा में निवेश करके, नई तकनीकों और दवाओं को विकसित करने में मदद कर सकते हैं। वे गरीबों के लिए स्वास्थ्य सेवा की पहुँच को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में अस्पतालों और क्लिनिकों का निर्माण कर सकते हैं।

भारत में शिक्षा प्रणाली में भी सुधार की बड़ी आवश्यकता है। इस क्षेत्र में बहुत सारे दानवीरों को निवेश करना चाहिए।वे शिक्षा के क्षेत्र में निवेश करके, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। समृद्ध दानवीर शिक्षकों के प्रशिक्षण, स्कूलों का आधुनिकीकरण और नए शिक्षण उपकरणों का विकास जैसे क्षेत्रों में निवेश कर सकते हैं। यह कोई नहीं कह रहा है कि हमारे यहां दानवीर शिक्षा या हेल्थ सेक्टर में निवेश नहीं करते। पर इन दोनों क्षेत्रों में शत प्रतिशत सरकार के भरोसे भी तो नहीं रहा जा सकता। सरकार की भी अपनी सीमाएं हैं।

इसके साथ ही भारत में गरीबी और असमानता को दूर करने के लिए बड़े पैमाने पर चहुँमुखी सामाजिक विकास की



आवश्यकता है। दानवीर गरीबों को रोजगार के अवसर प्रदान करने और उनकी आय बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। वे ग्रामीण विकास, कृषि, स्वरोजगार और महिलाओं के सशक्तिकरण जैसे क्षेत्रों में निवेश कर सकते हैं।

भारत जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से जूझ रहा है। इस स्थिति का सामना करने के लिए हमारे दानवीर नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों को विकसित करने और पर्यावरण संरक्षण के लिए नवाचारों को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। वे जलवायु परिवर्तन से निपटने के लिए जल संरक्षण और ज्यादा पानी अवशोषित करने वाले गेहूँ, धान और गन्ना के उत्पादन को छोड़कर या कम करके परंपरागत मोटे और छोटे अनाजों के उत्पादन को बढ़ावा देने का अभियान चला सकते हैं। एक किलो धान के उत्पादन में जहाँ 8000 लीटर , एक किलो गेहूँ उत्पादन में 10,000 लीटर पानी और एक किलो चीनी के उत्पादन में 28,000 लीटर पानी का व्यय होता है , वहीं एक किलो छोटे अनाज कोदो, कँगनी, कुटकी , साँवा और हरा सावाँ के उत्पादन में मात्र 100 से लेकर 300 तक ही पानी की आवश्यकता पड़ती है । इसीप्रकार, हर तरह के दूरगामी और टिकाऊ विकास को बढ़ावा देने के लिए भी दानवीर अरबपति पर्यावरणीय संगठनों को समर्थन दे सकते हैं।

मैं अपना खुद का उदाहरण देना चाहूँगा । मैं 1966 से लेकर 1975 में स्वर्गीय श्रीमती इंदिरा गाँधी द्वारा लगायी गई इमरजेंसी के पूर्व तक उस समय भारतवर्ष के दो बड़े मीडिया संस्थानों में से एक में विशेष संवाददाता था । तनख़्वाह थी मात्र 230 रुपए प्रतिमाह। संपादकीय पृष्ठ पर एक लेख लिखने पर प्रति लेख 10 रुपए अलग से मिल जाते थे । लोकनायक जयप्रकाश नारायण की प्रेरणा और आशीर्वाद से भूतपूर्व सैनिकों के पुनर्वास के लिये एक छोटा सा सेवामूलक कार्य शुरू किया और तीन लाख भूतपूर्व सैनिकों और बेरोजगार युवक - युवतियाँ को रोजगार दिया । आज उन संस्थाओं का वार्षिक कारोबार लगभग 13,000 करोड़ का है । संतोषप्रद लाभ भी है । लेकिन , मैं अपने लाभाँश का लगभग 95% अपने पूज्य माता और पिताजी की स्मृति में स्थापित ह्ल अवसर ट्रस्ट ह्ल के माध्यम से जरूरतमंद लोगों की शिक्षा , चिकित्सा , बिना दहेज विवाह , किसी भी तरह की समाज सेवा करने वाली संस्थाओं की सहायता में खर्च करता हूँ। इससे जो आत्मीय संतुष्टि मिलती है, उसका वर्णन करना संभव नहीं है । धन की गति या तो व्यभिचार के लिये होगी या सद्कार्यों के लिये ! अरबपतियों को एक ही रास्ता चुनना होगा । नोटों की गड्डी पर न तो आज तक कोई जला है , न जलेगा ।तब बुद्धिमत्ता पूर्वक सबको यह सूचना चाहिये कि संचित धन का सदुपयोग करना है या दुरुपयोग? नए-नए करोड़पतियों और अरबपतियों को अनुसंधान और विकास में भी निवेश करना चाहिए। ये दानवीर वैज्ञानिक अनुसंधान, तकनीकी नवाचार और नए क्षेत्रों में निवेश कर-के, भारत को वैज्ञानिक और तकनीकी क्षेत्र में नेता बनने में मदद कर सकते हैं। वे नए उद्यमों को शुरू करने और भारत को वैश्विक अर्थव्यवस्था में और अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए निवेश कर सकते हैं।

इंफोसिस टेक्नोलॉजीज के को-फाउंडर नंदन नीलेकणि शिक्षा के क्षेत्र में बहुत दान देते हैं। उन्होंने कुछ समय पहले इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) बॉम्बे को 315 करोड़ रुपए दान किये। इससे पहले भी, उन्होंने आईआईटीळ बॉम्बे को 85 करोड़ रुपए दान किया था। यानी अब तक वो आईआईटी बॉम्बे को करीब 400 करोड़ रुपये का दान कर चुके हैं। दरअसल देश के विभिन्न स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्लायों के सफल छात्रों को अपने शिक्षण संस्थानों की आर्थिक मदद करनी चाहिए। इन संस्थानों को सरकार की मदद के सहारे पर नहीं छोड़ा जा सकता है। अमेरिका में पूर्व छात्र अपने कॉलेजों और विश्व विद्लायों की भरपूर मदद करते हैं। पूर्व छात्रों की मदद से ही उनके शिक्षण संस्थानों में रिसर्च और दूसरी सुविधाएं बढ़ाई जा सकती हैं। नीलकेणी की सबसे बड़ी कामयाबी आधार कार्ड है। देश के हर नागरिक को एक विशिष्ठ पहचान संख्या या यूनिक आइडेंटीफिकेशन नम्बर को उपलब्ध करवाने का विचार उन्होंने ही सफलतापूर्वक चलाया था।

इसमें दो राय नहीं हो सकती कि भारत में नंदन नीलकेणी जैसे दानवीरों की संख्या को बढ़ाना होगा। अजीम प्रेमजी और शिव नाडर जैसे अरबपति दानवीर भी देश के युवाओं को सामाजिक उद्यमिता, सामुदायिक विकास और सामाजिक बदलाव के लिए प्रेरित कर सकते हैं। वे भारत के संसाधनों का प्रभावी उपयोग करके, गरीबी को दूर करने और मानवता की सेवा करने के लिए सहायता भी कर सकते हैं। कभी-कभी मन उदास हो जाता है कि भारत में दानवीरों की काफी कमी हैं। देखिए भारत में अब भी धनी लोग समाज के लिए धन देने से कतराते हैं। उन्हें लगता है कि उनका टैक्स देना ही काफी है। यह सोच बदलनी होगी। फिर भारत में भ्रष्टाचार व्याप्त है, जिससे लोगों को दान करने के लिए प्रेरित करने में कठिनाई होती है। उन्हें डर लगता है कि उनके दान का गलत उपयोग किया जाएगा। कई मामलों में यह होता भी है। फिर कई लोग दान के बारे में जानकारी नहीं रखते हैं या वे यह नहीं जानते कि वे दान कैसे कर सकते हैं।

इस बीच, यह कहना सही नहीं है कि यूरोप और अमेरिका में भारत से ज्यादा दानवीर हैं।दानवीरता किसी भी देश या संस्कृति तक सीमित नहीं है। हर जगह अच्छे दिल वाले लोग होते हैं जो दूसरों की मदद करने को तैयार रहते हैं। हर देश के अपने-अपने दान करने के तरीके हैं और हर व्यक्ति की अपनी जरूरतें और सीमाएँ होती हैं. दानवीरता किसी भी व्यक्ति की व्यक्तिगत पसंद और क्षमता पर निर्भर करती है, न कि किसी देश या संस्कृति पर। हमारे यहां बहुत से लोग मशहूर खिलाड़ियों और फिल्मी सितारों से शिकायत करते रहते हैं कि वे चैरिटी नहीं करते। हालांकि सच यह है कि कई सेलिब्रिटी अपने दानों के बारे में सार्वजनिक नहीं होना चाहते। उनका मानना हो सकता है कि दान करना एक निजी मामला है और इसे सार्वजनिक रूप से प्रदर्शित करने की जरूरत नहीं है। कुछ सेलिब्रिटी किसी विशिष्ट कारण के प्रति सहानुभूति महसूस नहीं करते हैं । यह ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि सभी सेलिब्रिटी एक समान नहीं होते हैं। कुछ बहुत दानवीर होते हैं, जबकि कुछ नहीं भी करते हैं। इसलिए, यह मान लेना गलत होगा कि सभी सेलिब्रिटी दान नहीं करते हैं।

(लेखक वरिष्ठ संपादक, स्तंभकार और पूर्व सांसद हैं)

## संपादकीय

### अब नौकरी पर जोर

अगले दो साल के भीतर पुलिस विभाग में दो लाख से ज्यादा भर्तियां होंगी। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कानपुर में उपचुनाव के लिए आयोजित जनसभा में यह एलान किया। वर्तमान में पुलिस में साठ हजार भर्तियां होने व पचास लाख नौजवानों को प्रधानमंत्री मुद्रा योजना तथा केंद्र व प्रदेश की अन्य योजनाओं के माध्यम से स्वतः रोजगार से जोड़ने की भी बात की। योगी ने कहा अगर किसी ने परीक्षा में सेंध लगाने का दुस्साहस भी किया तो उसे आजीवन कारावास व एक करोड़.रुपये जुमार्ने का प्रावधान रखा गया है। स्पष्ट है कि मुख्यमंत्री को यह स्पष्टीकरण इसलिए देना पड़ा क्योंकि पिछले कुछ समय से लगातार सरकारी परीक्षाओं के दरम्यान प्रश्नपत्रों के लीक या उत्तरपुस्तिकाओं में हेराफेरी के मामले उभर कर सामने आ रहे हैं। सभा में योगी ने विपक्षी दल समाजवादी पार्टी पर सीधा कटाक्ष किया कि उनकी टोपी लाल है, मगर कारनामे काले हैं। 2017 से पहले उप्र में अराजकता चरम पर होने व प्रदेश में दंगे होने के भी आरोप उन्होंने लगाए। सालों से बंद पड़ी लाल इमली मिल के पुनरुद्धार की बात कर उन्होंने वही चुनावी जुमला पुनः उछाला, जो हर विधानसभा चुनाव के दौरान यहां प्रयोग किया जाता रहा है। इसमें संदेह नहीं कि प्रदेश में आए दिन होने वाले सांप्रदायिक दंगों में कमी आई है। मगर प्रदेश में होने वाले अपराध, खासकर हत्या, आत्महत्या व महिलाओं के खिलाफ हो रहे अपराधों में कोई कमी नहीं आ रही है। बेरोजगारी निरंतर बढ़ती ही जा रही है, जिसे विपक्षी दलों द्वारा लोक सभा चुनाव के दौरान बड़ा मुद्दा बनाया गया था। मोदी व योगी सरकार बेरोजगारी को आने वाले विधानसभा चुनाव में मुद्दा नहीं बनने देना चाहते हैं। इसलिए आनन-फानन सरकारी नौकरियों का लोभ दिया जा रहा है। विभिन्न सरकारी योजनाओं व मदद के प्रचार को लेकर भी प्रदेश सरकार मुस्तैद नजर आ रही है। लोक सभा चुनाव में मिले झटकों के बाद इन उपचुनावों को भाजपा के खिसकते जनाधार के तौर पर देखा जा रहा है। इसलिए योगी को अपनी साख पर लगे बट्टे से जल्द से जल्द मुक्त होते हुए नजर भी आना होगा।

## चिंतन-मनन

### राष्ट्रीय एकता में बाधक तत्व

आर्थिक और सामाजिक असमानता राष्ट्रीय एकता में बहुत बड़ी बाधा है। उस असमानता का मूल है अहं और स्वार्थ। इसलिए राष्ट्र की भावात्मक एकता के लिए अहं-विसर्जन और स्वार्थ-विसर्जन को मैं बहुत महत्व देता हूं। जातीय असमानता भी राष्ट्रीय एकता का बहुत बड़ा विघ्न है। उसका भी मूल कारण अहं ही है। दूसरों से अपने को बड़ा मानने में अहं पुष्ट होता है और आदमी अपने-आप में संतोष का अनुभव करता है। अहं का विसर्जन किए बिना जातीय भेद का अंत नहीं हो सकता। मनुष्य जन्मना मनुष्य का शत्रु नहीं है। एक पेड़ की दो शाखाएं परस्पर विरोधी कैसे हो सकती हैं? फिर भी यह कहा जाता है कि धर्म-संप्रदाय मनुष्यों में मैत्री स्थापित करने के लिए प्रचलित हुए हैं। उनमें जन्मना शत्रुता नहीं है, फिर मैत्री स्थापित करने की क्या आवश्यकता हुई? मैं फिर इस विश्वास को दोहराना चाहता हूं कि मनुष्य-मनुष्य में स्वभावतः शत्रुता नहीं है। वह निहित स्वार्थ वाले लोगों द्वारा उत्पन्न की जाती है। उसे मिटाने का काम धर्म-संप्रदाय ने प्रारंभ किया, किंतु आगे चलकर वे स्वयं निहित स्वार्थ वाले लोगों से घिर गए और मनुष्य को मनुष्य का शत्रु मानने के सिद्धांत की पुष्टि में लग गए। इस चिंतन के आधार पर मुझे लगता है कि सांप्रदायिक समस्या का मूल भी अहं और स्वार्थ को छोड़कर अन्यत्र नहीं खोजा जा सकता। इसलिए सांप्रदायिक वैमनस्य की समस्या को सुलझाने के लिए भी अहं और स्वार्थ का विसर्जन बहुत आवश्यक है। भाषा, जो दूसरों तक अपने विचारों को पहुंचाने का माध्यम है, को भी राष्ट्रीय एकता के सामने समस्या बनाकर खड़ा कर दिया जाता है। अपनी भाषा के प्रति आकषर्ण होना अस्वाभाविक नहीं है। पर हमें इस तथ्य को नहीं भुला देना चाहिए कि मातृभाषा के प्रति जितना हमारा आकषर्ण होता है, उतना ही दूसरों को अपनी मातृभाषा के प्रति होता है। इसलिए भाषाई अभिनिवेश में फंसना कैसे तर्कसंगत हो सकता है। राष्ट्रीय एकता के लिए इन विषयों पर गंभीर चिंतन करना आवश्यक है।

# राजनीति को नया आयाम देने के लिए जरुरी युवाओं की भागीदारी....



अतुल मलिकराम




राजनीति–यह शब्द सुनते ही अक्सर हमारे मन में नकारात्मक विचारों की बाढ़ आ जाती है। भ्रष्टाचार, सत्ता की भूख, और धोखाधड़ी जैसे शब्द हमारे दिमाग में घूमने लगते हैं। समाज में राजनीति और राजनेता दोनों को ही नकारात्मक दृष्टि से देखा जाता है। आज के समय में शायद ही कोई माता-पिता होंगे जो अपने बच्चे को राजनेता बनते देखना चाहते होंगे। राजनीति को लेकर आम जनता के मन में जो गलत धारणाएँ हैं। इसी के कारण आज के युवा राजनीति से दूर भागते हैं, क्योंकि वे किसी प्रपंच या झंझट में नहीं पड़ना चाहते। लेकिन राजनीति का क्षेत्र इतना ही गलत है, तो इसे सही कौन करेगा? क्या युवा, जो इस देश का भविष्य हैं, उन्हें इसमें सुधार करने की कोशिश नहीं करनी चाहिए !!

मेरा मानना है कि अगर किसी जगह आपको कहीं कुछ गलत होता दिखाई दे, तो बजाय दूर खड़े होकर उसकी निंदा करने के, उसका समाधान करने के लिए उसकी जड़ तक जाना चाहिए। हमारे युवाओं को भी राजनीति के नकारात्मक दृष्टिकोण को बदलने के लिए कुछ ऐसा ही करना चाहिए। उन्हें राजनीति में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करनी चाहिए। युवाओं की राजनीति में भागीदारी, समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का सबसे सशक्त माध्यम बन सकती है। जब युवा राजनीति में कदम रखेंगे, तो वे अपने नए विचार, नई सोच, लीक से हटकर काम करने के तरीके, ऊर्जा, और उत्साह के साथ समाज की समस्याओं का समाधान नए दृष्टिकोण से खोजे सकेंगे। यही कारण है कि राजनीति में युवाओं की भागीदारी न केवल आवश्यक है, बल्कि अनिवार्य भी है। राजनीति केवल सत्ता का खेल नहीं है, बल्कि यह समाज की भलाई के लिए कार्य करने का सबसे प्रभावी साधन है। अगर हम चाहते हैं कि हमारा देश प्रगति करे, तो हमें राजनीति में युवाओं की भागीदारी को बढ़ावा देना होगा।

राजनीति में आकर युवा समाज की भलाई के लिए काम कर सकते हैं। चाहे वह किसी भी पेशे में हों–इंजीनियर, डॉक्टर, शिक्षक, या उद्यमी–राजनीति में आकर वे समाज में बदलाव ला सकते हैं। राजनीति में कदम रखने का मतलब यह नहीं कि उन्हें अपना पेशा छोड़ना पड़ेगा। बल्कि, वे अपनी विशेषज्ञता और अनुभव का उपयोग बड़े बदलाव लाने के लिए कर सकते हैं। मेरे विचार से युवाओं के राजनीति में आने से पारदर्शिता बढ़ेगी क्योंकि आज का युवा भ्रष्टाचार और धांधली से दूर भागता है। ये लोग जब राजनीति में आएँगे, तो समानता और न्याय का प्रसार होगा। आज का युवा टेक्नोलॉजी से अच्छी तरह परिचित है, इनके राजनीति में आने से टेक्नोलॉजी का सही उपयोग होगा, और देश को ग्लोबल लेवल पर पहचान मिल सकेगी।

आप सोच रहे होंगे कि मैं राजनीति में युवाओं को आगे आने के लिए इतना जोर क्यों दे रहा हूं, तो मैं आपको दुनिया भर के ऐसे कई उदाहरण दे सकता हूँ, जहां युवाओं ने राजनीति में प्रवेश किया और अपने देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान दिया। उदाहरण के लिए, फिनलैंड की पूर्व प्रधानमंत्री सना मारिन, जिन्होंने 34 साल की उम्र में प्रधानमंत्री का पद संभाला, और यह साबित किया कि युवा नेता भी बड़े निर्णय ले सकते हैं और उन्हें सफलतापूर्वक लागू कर सकते हैं। सना ने सामाजिक कल्याण, पर्यावरण सुरक्षा, और शिक्षा के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण सुधार किए, जो फिनलैंड के विकास में महत्वपूर्ण साबित हुए। इसी प्रकार, जैसिंडा अर्डर्न, न्यूजीलैंड की पूर्व प्रधानमंत्री, जिन्होंने मात्र 37 साल की उम्र में सत्ता संभाली और देश की राजनीति में नई सोच और संवेदनशीलता का परिचय दिया। जैसिंडा ने अपनी नीतियों से दिखाया कि कैसे युवा समाज के हर वर्ग को ध्यान में रखकर निर्णय ले सकते हैं।

इन नेताओं की सफलता की कहानियाँ हमें यह बताती हैं कि जब युवा राजनीति में कदम रखते हैं, तो वे अपनी नई विचारधारा से बड़े बदलाव ला सकते हैं। बात करें भारत की, जहां सबसे बड़ा जनसंख्या वर्ग युवा है, वहां राजनीति में युवाओं की भागीदारी और भी महत्वपूर्ण हो जाती है। देश के विकास के लिए हमें ऐसे नेताओं की आवश्यकता है जो न केवल वर्तमान समस्याओं को समझें, बल्कि उनके समाधान के लिए नवाचार और प्रौद्योगिकी का उपयोग भी कर सकें। साथ ही भविष्य में आने वाले बदलावों के लिए भी सजग रहें। अभी भी भारत में कई युवा नेता अपनी पहचान बना रहे हैं। अनुप्रिया पटेल, चंद्रशेखर रावण, तेजस्वी सूर्या और चिराग पासवान जैसे युवा नेताओं ने देश की राजनीति में नया आयाम जोड़ा है। ये साबित करते हैं कि युवाओं के पास भी समाज के ज्वलंत मुद्दों को समझने और उनका समाधान करने की क्षमता है। इन युवा नेताओं ने रोजगार, शिक्षा, और सामाजिक न्याय जैसे मुद्दों पर न केवल अपनी आवाज बुलंद की है, बल्कि इन समस्याओं के समाधान के लिए ठोस कदम भी उठाए हैं। इसलिए, यही वह समय है जब युवाओं को राजनीति को करियर के रूप में चुनने पर विचार करना चाहिए। यही समय है जब हमें अपनी नकारात्मक सोच को बदलकर राजनीति को समाज में बदलाव लाने का साधन बनाने पर विचार करना चाहिए। राजनीति में युवाओं का आना न केवल देश के विकास के लिए आवश्यक है, बल्कि यह समाज के हर वर्ग की भलाई के लिए भी महत्वपूर्ण है। राजनीति में आकर वे न केवल अपने भविष्य को बेहतर बनाएंगे, बल्कि पूरे समाज के लिए एक उज्जवल भविष्य की नींव रख सकेंगे।

# वैश्विकी: चुनाव के बीच अमेरिका में मोदी



डॉ. दिलीप चौबे

अमेरिकी चुनाव में अब करीब दो महीने बाकी हैं। चुनाव प्रचार अपने चरम पर है। चुनाव व्यूह रचना अंतिम रूप ले चुकी हैं। चुनाव के पहले सबसे बड़ा घटनाक्रम पूर्व राष्ट्रपति ड़ोनाल्ड़ ट्रंप की हत्या का प्रयास था। इस घटना ने अमेरिकी जनमानस को झकझोर दिया। हमले के समय ट्रंप ने जैसी दिलेरी दिखाई उससे आप अमेरिकी नागरिक बहुत प्रभावित हुआ। लोगों में यह धारणा बनी कि आज की अस्थिर और संघर्ष से जूझ रही दुनिया में ट्रंप जैसे दृढ़ संकल्प वाले नेता की जरूरत है। लोग जब ट्रंप और आयुजनित शस रोग का शिकार जो बाइड़न की तुलना करते थे तब पूर्व राष्ट्रपति ही उपयुक्त विकल्प के रूप में सामने आते थे। इसी समय दूसरा बड़ा घटनाक्रम यह हुआ कि बाइड़न चुनाव मैदान से हटे गए और उन्होंने उप राष्ट्रपति कमला हैरिस को कमान सौंप दी। कुछ समीक्षकों का तो यह भी मानना था कि वह बाइड़न से भी अधिक अलोकप्रिय हैं, लेकिन अमेरिका की राजनीति में मीड़िया और विभिन्न दबाव समूहों की बड़ी भूमिका रहती है। यही नेताओं की छवि बनाने और बिगाड़ने का काम करते हैं। उम्मीदवारी की घोषणा होते ही मुख्यधारा की अमेरिकी मीड़िया कमला हैरिस का प्राशस्ति-गान करने लगी। विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में वह छा गइ्र। एक महिला और गैर-श्वेत व्यक्ति के राष्ट्रपति बनने की संभावना को अमेरिकी लोकतंत्र और समाज की बड़ी जीत के रूप में प्रचारित किया जाएगा।

चुनाव के अंतिम चरणों में एक बार फिर बदलाव आया तथा डेमोक्रेटिक पार्टी की दो बड़ी हस्तियों ने ट्रंप को समर्थन देने की घोषणा की। जाने-माने कैनेड़ी परिवार के सदस्य रॉबर्ट एस. कैनेड़ी ने जो स्वयं चुनाव में एक उम्मीदवार थे, ट्रंप के समर्थन में आ गए। जनमत-सर्वेक्षणों के अनुसार वह पांच फीसद मतदाताओं की पसंद थे। उनके पाला बदलने से ट्रंप के चुनाव अभियान को मदद मिली है तथा वह कड़ी टक्कर वाले 'स्विंग स्टेट' में निर्णायक सिद्ध हो सकते हैं। इसी तरह ड़ेमोक्रेटिक पार्टी की एक पूर्व नेता तुलसी गबार्ड.ने भी ट्रंप को समर्थन देने की घोषणा की है। तुलसी अमेरिकी सेना की नेशनल गार्ड.शाखा में लेफ्टिनेंट कर्नल हैं। किसी समय उन्हें डेमोक्रेटिक पार्टी में उभरता हुआ सितारा माना जाता था। सैनिक होने के बावजूद वह युद्ध विरोधी हैं तथा हिलेरी क्लिंटन सहित डेमोक्रेटिक पार्टी के नेतृत्व पर युद्धोन्मादी होने का आरोप लगाती हैं। यह विडंबना है कि रिपब्लिकन पार्टी को पूर्व में साम्राज्यवादी रुझान वाली युद्ध समर्थक पार्टी माना जाता था। इसके विपरीत डेमोक्रेटिक पार्टी की छवि शांतिवादी और उदारवादी पार्टी की थी। लेकिन अब दोनों पार्टियों की भूमिका बदल गई है।

अमेरिका ने पर्यावरणवादी और युद्धविरोधी ग्रीन पार्टी का भी एक समर्थक वर्ग है। गाजा में इस्त्राइल के नरसंहार से मुस्लिम मतदाता नाराज हैं। वे इस बात का आकलन कर रहे हैं कि ट्रंप और कमला हैरिस में से कौन फिलिस्तीन में युद्ध रुकवा सकता है।

चुनावी दंगल के बीच ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी संयुक्त राष्ट्र में संबोधन के लिए अमेरिका जाने वाले हैं। वह 22 सितम्बर को न्यूयार्क में भारतीय समुदाय के लोगों के एक बड़े. कार्यक्रम को संबोधित करने वाले हैं जिसमें करीब 20 हजार भारतीय के शामिल होने की संभावना है। जाहिर है कि प्रधानमंत्री किसी खास



प्रत्याशी के पक्ष में कोई राय व्यक्त नहीं करेंगे लेकिन ट्रंप और कमला हैरिस दोनों को यह आशा होगी कि मोदी इशारों-इशारों में उनके पक्ष में पसंद जाहिर करें। वैसे घरेलू राजनीति में प्रधानमंत्री मोदी का एजेंड़ा ट्रंप जैसा है। मोदी 'सबसे पहले भारत' की बात करते हैं तो ट्रंप सबसे पहले अमेरिका की वकालत करते हैं। भारत में यदि एक बार फिर मोदी का नारा लगता है तो अमेरिका में एक बार फिर ड़ोनाल्ड़ ट्रंप की बात होती है। ट्रंप खुलकर इस्लामिक आतंकवाद के खतरे की बात करते हैं जबकि कमला हैरिस ऐसी शब्दावली का प्रयोग नहीं करतीं। डेमोक्रेटिक पार्टी मानवाधिकार और धार्मिक स्वतंत्रता जैसे मुद्दों को तूल देकर मोदी सरकार को निशाना बनाती रही है। भारतीय मूल की कमला हैरिस डेमोक्रेटिक पार्टी के भारत विरोधी रवैये में किस हद तक बदलाव करती हैं, इससे तय होगा कि भारतीय मतदाता उन्हें कितना समर्थन देते हैं।

# नागरिक अस्पताल में इलाज के लिए भटकते रहते हैं मरीज, कर्मचारी कर रहें हैं मनमानी




Faridabad/Alive News

फरीदाबाद के नागरिक अस्पताल के रजिस्ट्रेशन काउंटर पर  मरीजों को कार्ड बनवाने के लिए घंटो इंतजार करना पड़ रहा है। परंतु कर्मचारी अपनी कमचोरी से बाज नही आ रहे हैं।

शुक्रवार के दिन सेक्टर 55 से आए राजकुमार शर्मा ने बताया कि वह अपनी बेटी का उपचार कराने के लिए बीके अस्पताल आए थे उनकी बेटी को पेट दर्द की समस्या है। उन्होंने बताया कि वह सुबह 10 बजे से खिड़की नम्बर एक सीनीयर सिटीजन की पंक्ति में लगे हुए थे परंतु करीब 12 बजे तक वहां कोई कर्मचारी नही आया। घंटों इंतजार करने के बाद भी कर्मचारी काउंटर पर नहीं आया तो उन्होंने काउंटर पर बैठे दूसरे कर्मचारी बात की तो कर्मचारी ने उन्हें में महिला पंक्ति में लगने के लिए कहा। लेकिन इसके बाद जब उनका नम्बर आया तो कर्मचारी ने उन्हें दूसरी पंक्ति में लगने के लिए कहा। ऐसे में उन्होंने कर्मचारी की इस बात का विरोध किया तो कर्मचारी ने उन्हें धमकी देते हुए कहा कि तुम प्रधानमंत्री या मुख्यमंत्री किसी से भी शिकायत कर लो तुम्हारा कार्ड नहीं बनने दूंगा। इस घटना के बाद राजकुमार अपनी शिकायत लेकर अस्पताल की पीएमओ सविता यादव के पास पहुंचे लेकिन वहां पर भी कर्मचारियों ने उन्हें मिलने नही दिया। शिकायतकर्ता निराश होकर बिना इलाज कराए ही अपनी बेटी के साथ वापस जा रहा था तभी उनकी मुलाकात हमारे संवाददाता से हुई और उन्होंने आपबीती बताई।  नागरिक अस्पताल में इस तरह की घटना हर रोज मरीजों के साथ हो रही हैं अस्पताल की व्यवस्था को सुधारने वाले ही इन घटनाओं के जिम्मेदार हैं। सामान्य वर्ग के इलाज के लिए बनाया गया सरकारी अस्पताल कर्मचारियों और अधिकारियों की भेट चढ़ रहा है।

# एनआईटी विधानसभा के वार्ड-9 में सीवर ओवरफ्लो और बरसात का पानी जमा होने से बाढ़ जैसे हालात बने

Swaranjali/Alive News

**फरीदाबादः** एनआईटी विधानसभा वार्ड-9 के नंगला एनक्लेव पार्ट-एक में सीवर ओवरफ्लो होने और बरसात के पानी की निकासी न होने के कारण 22 फीट रोड पर बाढ़ जैसे हालात बन गए है। लोग अपने घरों में कैद होकर रह गए हैं और घर की खाद्य सामग्री लाने व यहां से निकालने के लिए प्रशासन से नाव की मांग कर रहे है। तस्वीरों से क्षेत्र काअंदाजा लगाया जा सकता है।

स्थानीय लोगों ने कहा कि नीरज शर्मा ने 22 फीट रोड के लोगों से पिछले चुनाव में वोट नही देने की रंजिश निकाली है और पूरी पांच साल में गंदा पानी नही सुखने दिया है। इतना नही विधायक ने प्रिंस स्कूल की सीमेंटिड रोड को काली मंदिर को जाने वाली 22 फीट रोड से 5 फीट ऊंचा बनवाकर गंदे पानी का तालाब बना दिया है और लोगों को मकान बेचने के लिए मजबूर कर दिया है। स्थानीय लोगों ने विधायक नीरज शर्मा द्वारा क्षेत्र के साथ पांच साल तक चुनावी रंजिश रखने का जबाव इस बार के विधानसभा चुनाव में देने का मन बनाया है।

लोगों का कहना है कि पिछले पांच साल से यह समस्या बनी हुई है सड़के तालाब में तब्दील हो चुंकी हैं। लोगों का पैदल घर से निकलना मुश्किल हो रहा है। उधर, नगर निगम अधिकारी भी क्षेत्र की सुध लेने को तैयार नही हैं।

**बीमारियां फैलने का खतरा**

सीवर ओवरफ्लो की वजह से सड़क पर गंदगी फैल रही है, जिससे इस क्षेत्र में जलजनित बीमारियां फैलने का खतरा बढ़ गया है।

**क्या कहना स्थानीय लोगों का**



स्थानीय निवासी सरोज चौहान का कहना है कि सड़क पर जलभराव होने के कारण सड़क पर निकलना भी मुश्किल हो रहा है। ऐसे में हमारी प्रशासन से मांग है कि बाहर से समान लाने के लिए नाव दी जाएं ताकि वह लोग घर से बाहर निकल सके।

स्थानीय निवासी ए.के मोहंती का कहना है कि इस क्षेत्र में तीन से चार प्राइवेट स्कूल हैं। ऐसे में बच्चों को सीवर के गंदे पानी से होकर गुजरना पड़ता है।

स्थानीय निवासी मुकेश शर्मा का कहना है कि जब से प्रिंस स्कूल रोड हमारी गलियों और 22 फीट रोड से ऊंची बनी है तब से हालात ओर ज्यादा खराब हो गए हैं। अब हमेशा सीवर ओवरफ्लो और बाढ जैसे पानी भरा रहता है।

**क्या कहना है नगर निगम अधिकारी का**

इस संबंध में नगर निगम के कार्यकारी अभियंता पदम भूषण से बात कि तो उन्होंने बताया कि बंद सीवर खोल दिये गये है और बारिश के कारण पानी जमा हो रहा है तो जल्द समाधान किया जायेगा।

# श्री सांई इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाई गई श्रीकृष्ण जन्माष्टमी




Faridabad/Alive News

शनिवार को गाजीपुर स्थित श्री सांई इंटरनेशनल स्कूल में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का एक भव्य और रंगारंग कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नन्हें मुन्हें बच्चों ने राधा और श्रीकृष्ण की वेशभूषा में सजीव होकर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत कर पूरे वातावरण को कृष्णमय बना दिया। उनकी मासूमियत और भक्ति ने सभी का दिल जीत लिया, इसमें स्कूल के सभी छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। हर प्रस्तुति में भक्ति और उत्सव की झलक थी और पूरे कार्यक्रम ने सभी अभिभावकों को भावविभोर कर दिया और स्कूल के कार्यक्रम को आज के दिन को अविस्मरणीय बना दिया। स्कूल के प्रबंधक रूपेश कसाना ने बच्चों को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान कृष्ण ने अपने जीवन में कई चुनौतियों का सामना किया और हमें सिखाया कि कैसे साहस और स्थिरता से जीवन की कठिनाइयों का सामना करना चाहिए।

स्कूल की प्रिंसिपल गीता कसाना ने बताया कि हर साल इसी तरह जन्माष्टमी का त्योहार स्कूल प्रांगण में मनाया जाता है। बच्चों को इस तरह के कार्यक्रम के माध्यम से संस्कृति और धर्म से रूबरू कराया जाता है।

# जीवा स्कूल में परंपरागत ढंग से मनाई गई जन्माष्टमी



Faridabad/Alive News

सेक्टर-21बी स्थित जीवा पब्लिक स्कूल में बड़े हर्षोल्लास के साथ श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का आयोजन किया गया। विद्यालय में सभी छात्रों ने कार्यक्रम में भाग लिया। सर्वप्रथम प्रार्थना सभा के दौरान विद्यालय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान, उपाध्यक्षा चंद्रलता चौहान, प्रमुख संयोजिका मिनी जोसेफ एवं सभी संयोजिकाओं ने श्रीकृष्ण भगवान की विधिवत रूप से पूजा अर्चना की। तदुपरांत माखन मिश्री का प्रसाद चढ़ाया गया और पूजा के बाद प्रसाद वितरित किया गया। छात्रों ने भगवान श्रीकृष्ण के सभी रुपों और उनकी कलाओं के विषय में भी विस्तार पूर्वक वर्णन किया व उसके महत्व के विषय में भी बताया। छात्रों ने मनमोहक लघु नाटिका प्रस्तुत की, सुंदर भजन प्रस्तुत किए। छात्राओं ने सुंदर नृत्य प्रस्तुत किया। किंडरगार्टन के नन्हें-मुन्ने बच्चों ने भी पारंपरिक वेशभूषा धारण की और अलग-अलग तरीके से अपनी-अपनी प्रस्तुति दी। नन्हे मुन्ने बच्चों ने इस अवसर पर डांडिया नृत्य भी किया। विद्यालय में नन्हें-मुन्ने बच्चे कृष्ण और राधा के रूप में वस्त्र धारण करके आए थे। बच्चों के इन पारंपरिक वेशभूषा के कारण वातावरण अत्यंत मनोरम हो गया। छात्रों को भगवान श्रीकृष्ण के जीवन से संबंधित अनेक विषयों की जानकारी दी गई जिसमें श्रीकृष्ण के जन्म से लेकर कंस वध के विषय में बताया गया और यह भी बताया गया कि किस प्रकार उन्होंने अधर्म का अंत किया। इस अवसर पर विद्यालय के अध्यक्ष ऋषिपाल चौहान ने कहा कि मनुष्य के कर्मों का फल उसे अवश्य मिलता है इसलिए हमें सदैव अच्छे कर्म करने चाहिए, सबके साथ प्रीति और प्रेम का व्यवहार करना चाहिए। उपाध्यक्षा चंद्रलता चौहान, एकेडमिक एंड एक्सिलेंस हेड मुक्ता सचदेव व प्रमुख संयोजिका मिनी जोसेफ ने भी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर अपने विचार रखें।

# पिछले 10 वर्षों में बडख़ल विधानसभा क्षेत्र की हुई अनदेखी : विजय प्रताप

Faridabad/Alive News

वरिष्ठ कांग्रेस नेता विजय प्रताप सिंह ने अपना चुनावी बिगुल बजाते हुए रविवार को बडख़ल विधानसभा में कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया। जिसमें अलग-2 स्थानों से लोग शामिल होने पहुंचे और आने वाले विधानसभा चुनावों में उनको जीत का भरोसा दिलाया। सूरजकुंड रोड स्थित राजविला बैंक्वेट में सुबह 8 बजे से दयालबाग, शिव दुर्गा विहार, खोरी, लक्कडपुर, अनंगपुर तथा ग्रीनफील्ड कॉलोनी के लोग पहुंचे। विजय प्रताप सिंह ने सभी से मुलाकात की और आगामी चुनावों को लेकर रणनीति पर विचार-विमर्श किया। उन्होंने कहा कि इस बार बूथ लेवल पर मजबूती से काम करना है, बूथ मजबूत होंगे तो परिणाम बेहतर साबित होंगे। इसके बाद दोपहर 12 बजे से एसजीएम नगर के लोगों को आमंत्रित किया गया और उनकी चुनावों में ड्यूटियां लगाई गई। कार्यकर्ता सम्मेलन में मीडिया से रूबरू होते हुए विजय प्रताप सिंह ने कहा कि प्रदेश की भाजपा सरकार ने गरीब को मारने का काम किया है। लोगों को फैमिली आईडी, प्रोपर्टी आईडी के नाम से ठगा जा रहा है। युवा बेरोजगार घूम रहे हैं, हरियाणा का एक तिहाई युवा बेरोजगारी की मार झेल रहा है। नौकरियों में जितनी भी पिछले 10 साल में भर्तियां निकाली गई, सभी का कोर्ट में स्टे चल रहा है। यहां तक नीट एग्जात में पेपर लीक हो जाते हैं। उन्होंने जानकारी देते हुए बताया कि अलग-2 जगह पर कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। ये वो टीम है जो हमारा इलेक्शन लडने् का काम करेगी। विजय प्रताप ने कहा कि आज पूरा क्षेत्र बदहाली एवं दुर्दशा से त्रस्त है। पिछले 10 साल में भाजपा मेट्रो का एक पिलर नहीं लगा पाई, केवल घोषणाएं ही की गई। आज जरूरत है फरीदाबाद को बचाने की, कांग्रेस पार्टी पुन~ फरीदाबाद को नंबर 1 बनाने का



काम किया जाएगा। स्मार्ट सिटी को लेकर उन्होंने कहा कि स्मार्ट सिटी के नाम पर 2 हजार करोड़ से अधिक का घोटाला किया गया है। 2250 रुपए स्मार्ट सिटी के नाम पर शहर में लगाए जा चुके हैं और जिसका एरिया मात्र 8-10 किलोमीटर निर्धारित किया हुआ है। ऐसे में आप एवरेज लगाएं तो प्रति किलोमीटर 200 से 250 करोड़ रुपए खर्च किए गए हैं, लेकिन हालात आपके सामने है। बडख़ल झील को भरने की बात पर उन्होंने कहा कि गंदे एवं सीवर के पानी से बडख़ल झील को भरा जा रहा है। 200 करोड़ रुपए बडख़ल झील के सौंदर्यकरण के नाम पर लगाकर अपनी जेबें भरने का काम किया है।

# मंत्री दस साल में एक सरकारी स्कूल की दीवार नही खड़ी कर पाए तो आगे क्या?

Swaranjali/Alive News

**फरीदाबादः** शिक्षा के क्षेत्र में आमूलचूल परिवर्तन करने वाली भाजपा सरकार के दस साल पूरे होने के बाद भी सरकारी स्कूलों के हालात नही सुधर पाये। हरियाणा की भाजपा सरकार के मुख्यमंत्री, मंत्री, विधायक दस साल में शिक्षा के क्षेत्र में खास नही कर पाये। इसका एक बड़ा उदाहरण बल्लभगढ़ विधानसभा के सेक्टर-23 स्थित सरकारी स्कूल का है जिसमें बच्चों के बैठने के लिए पूरे कमरे नही, स्कूल का मुख्य गेट टूटा हुआ है और दीवार जलभराव की वजह से गिर चुकी है। स्कूल के गेट पर कूड़े का खत्ता बना हुआ है। बच्चों की सुरक्षा के नाम पर चौकीदार नही है और स्कूल आवारा जानवरों की चरागाह बना हुआ है। चौकीदार न होने की वजह से छुट्टी के बाद स्कूल नशेड़ी और शराबियों का ठीकाना बन जाता है। आसपास के लोगों बताया कि स्कूल में कई बार चोरी की घटना हो चुकी है। इसकी वजह से सेक्टर में भी घटना हो रही है।हरियाणा में भाजपा सरकार गरीब परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा कागजों में देने की बात करती आ रही है। लेकिन धरातल की सच्चाई यह है कि सरकारी स्कूलों में शिक्षक नही हैं। सेक्टर 23 स्थित प्राथमिक पाठशाला स्कूल में एक आंगनवाढी का केन्द्र भी चलाया जा रहा है। इसमें आने वाले बच्चों की संख्या ज्यादा नहीं हैं। इसका कारण स्कूल परिसर में बरसात के दिनों में भरने वाला पानी है और दूसरा स्कूल में बच्चों की सुरक्षा की कोई गारंटी नही है।एक तरफ बल्लभगढ़ विधानसभा के विधायक एवं मंत्री मूलचंद शर्मा सरकार में भारी भरकम मंत्री रहे हैं। भाजपा सरकार ने बल्लभगढ़ विधानसभा में दस साल राज किया है।

**स्कूल बना नशेड़ियों का अड्डा**

स्कूल की टूटी दीवार होने की कारण छुट्टी के बाद स्कूल में नशेड़ियों और जुआरियों का जमावड़ा लगा रहता



है। इस से सेक्टर वासी भी परेशान हैं। लेकिन सरकार और शिक्षा विभाग टूटी दीवार और चौकीदार की व्यवस्था दस साल में नही कर पाये।

**स्कूल और बच्चों की सूरक्षा पर उठ रहा है सवाल**-स्कूल में सूरक्षा व्यवस्था न होने के कारण बच्चों के माता पिता भी अपने बच्चों को स्कूल भेजने में कतरा रहें हैं, स्कूल की व्यवस्था और सुरक्षा पर भी सवाल उठ रहे हैं।

# सीनियर श्रीराम स्कूल में नन्हें-मुन्नें बच्चों ने धूमधाम से मनाई जन्माष्टमी

Faridabad/Alive News

जवाहर कॉलोनी 60 फीट रोड स्थित सीनियर श्रीराम मॉडल हाई स्कूल में शनिवार को जन्माष्टमी बड़े ही धूमधाम से मनाई गई। इसमें नन्हें-मुन्ने बच्चे नटखट नंद गोपाल की भूमिका में नजर आए। नर्सरी, एलकेजी, प्ले विंग के बच्चें कृष्ण कन्हैया की वेशभूषा तो कोई राधा की वेशभूषा में नजर आए। नन्हें-मुन्ने बच्चे राधा-कृष्ण के अलावा वासुदेव, देवकी, ग्वाले और गोपियों की वेशभूषा में आए। बच्चों के इस अवतरण ने सभी का मनमोह लिया। इस दौरान झांकी भी लगाई गई। बच्चों ने कृष्ण के गीतों पर नृत्य कर सारे वातावरण को कृष्णमयी बना दिया। कार्यक्रम के बाद सभी बच्चों ने विधिवत श्रीकृष्ण की पूजा अर्चना की व प्रसाद ग्रहण किया।



स्कूल की एकेडमिक डायरेक्टर मनीषा आनंद ने बताया कि कैसे भगवान श्रीकृष्ण ने बल और बुद्धि से बुराई पर विजय प्राप्त की। सीनियर श्रीराम मॉडल स्कूल के प्रिंसिपल विक्रम राठौर ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण से हमें सीखना चाहिए कि किस तरह से हर परिस्थिति का सामना करें। उन्होंने कंस का संहार कर लोगों को अत्याचारों से मुक्ति दिलाई। द्रोपदी की लाज बचाई।

वॉइस प्रिंसिपल कंचन भाटिया और ज्योति कोहली ने बताया कि श्रीकृष्ण ने अर्जुन को गीता का उपदेश देकर आत्मा, परमात्मा, योग, कर्म की व्याख्या की थी और सत्य के पथ पर चले थे।

इसके अलावा श्रीराम स्कूल के किड्स कान्वेंट स्कूल में भी जनमाष्टमी का त्योहार बड़ी ही धूमधाम से मनाया गया। किड्स कान्वेंट स्कूल की इंचार्ज सुखविंदर ने कृष्ण जन्मोत्सव के बारे में बच्चों को अवगत कराया। न्यू किड्स कान्वेंट फरीदाबाद स्कूल की इंचार्ज एकता बेरी और तनु ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण ने संदेश दिया कि व्यक्ति को अपना कर्म करते रहना चाहिए और फल की इच्छा नही करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि निष्काम भाव से किया गया कर्म ही सच्चा कर्म होता है। उन्होंने मोह माया से दूर रहने की बात कही।

श्रीकृष्ण जी ने भरसक प्रयास किये थे कि महाभारत का युद्ध न हो। जब युद्ध नहीं रुका तो वे पांडवों के पक्ष में थे क्योंकि वे सत्य के पथ पर थे। इसलिए हमें सदा सत्य का साथ देना चाहिए। मुश्किल से मुश्किल समस्या का भी हल निकाला जा सकता है।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि के तौर पर श्री राम मॉडर्न स्कूल की चेयरपर्सन डॉ अमृता ज्योति जी रहीं। उन्होंने आरती व प्रसाद वितरण किया। उन्होंने  बच्चों व शिक्षिकाओं को अपना आशीर्वाद देते हुए पर्व की बधाई दी।

# DAV School Ballabhgarh celebrated Connecting Community Program




Faridabad/Alive News:

DAV Public School , Ballabhgarh in continuation with its Connecting Community Program, celebrated colors of patriotism at Amazing Park with the association of Park Sahyog group, Sector-2 Faridabad. The celebration began with Davians showcasing their skills through energetic dance performance and heartfelt poem recitals.The excitement continued with a thought-provoking skit and soulful individual performances that left everyone spellbound. A vibrant fancy dress was also organised for the kids of the residents.The program concluded with a pledge to protect and preserve our freedom and a vote of thanks to all the community members

# DAV School-49 organized Edfair 2024

Faridabad/Alive News

D.A.V. Public School, Sec 49, Faridabad hosted "Edfair – 2024" in the School Auditorium. Euphoria Career Guidance & My Universita (units of Raising Brands) conducted this educational fair for class XI and XII students in an endeavour to provide them with an opportunity to interface with wide-ranging and diverse higher educational learning opportunities. The representatives from the top universities – Acadia University, Amity University, Bennett University, Pearl Academy, NIIT University, UID (United World Institute of Design), AI Universal University, Shoolini University, LPU (Lovely Professional University), WUD (World University of Design) and many more guided the students towards the various prospects of choosing a career. The event also included a discussion on how the students can get into their choicest career option and the best of universities. The students from different schools attended the fair, and interacted with the representatives of different universities. Roohi Dhingra, an internationally awarded and certified Career Coach and Analyst, helped the students take informed decisions about their careers and make wise choices while selecting Countries & Universities. The Principal, Sh. Rajan Gautam, extended his heartfelt thanks to the distinguished university representatives for such an insightful event.

# सिर्फ नौकरी पाने के लिए नहीं, जीवन को सार्थक बनाने के लिए ज्ञान अर्जित करें: राज्यपाल

Faridabad/Alive News

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने कहा कि एसलॉन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी शिक्षा में उत्कृष्टता के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता के साथ-साथ सीखने, नवाचार और समग्र विकास का एक प्रतीक है। यह केवल एक शैक्षणिक संस्थान नहीं है। यह आध्यात्मिक समुदाय 'द लास्ट सेंटर' की एक प्रबुद्ध समाज के निर्माण की प्रतिबद्धता का एक जीवंत प्रमाण है।

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय बुधवार को फरीदाबाद स्थित एसलॉन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी द्वारा आयोजित दीक्षांत समारोह में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत कर उपस्थित शिक्षकों, छात्र-छात्राओं तथा अन्य उपस्थित गणमान्य लोगों को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर एसलॉन इंस्टिट्यूट के अध्यक्ष प्रभात अग्रवाल एवं निदेशक डॉ. सुदर्शन गोस्वामी उपाध्यक्ष




प्रकाश, सदस्य बोर्ड ऑफ गवर्नर्स सेवानिवृत्त न्यायाधीश राजेश गर्ग, डीन कॉलेज जे.सी. बोस यूनिवर्सिटी ऑफ विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी फ़रीदाबाद डॉ. तिलकराज सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

उन्होंने कहा कि छात्रों को सिर्फ नौकरी प्राप्त करने के लिए नहीं बल्कि अपने जीवन को सार्थक बनाने के लिए ज्ञान अर्जित करना चाहिए। जब वह इस राह पर अपने कदम आगे बढ़ाएंगे तब वे नौकरी लेने वाले नहीं बल्कि नौकरी देने वाले बनेंगे। राज्यपाल ने गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नैतिक मूल्यों और युवा दिमागों को समाज में सकारात्मक योगदान देने की आवश्यकता पर जोर दिया।

उन्होंने कहा कि यह संस्थान आज जो कंप्यूटर विज्ञान और इंजीनियरिंग में बी.टेक, सीएसई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सीएसई डेटा साइंस, सीएसई साइबर सुरक्षा, सीएसई मशीन लर्निंग, इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग, मैकेनिकल इंजीनियरिंग, सिविल इंजीनियरिंग, सीएसई और एमई में एम.टेक, बीबीए, बीसीए, एमबीए, एमसीए आदि विषयों में अपनी शिक्षा पूर्ण कर चुके छात्र-छात्राओं को उपाधि से अलंकृत कर रहा है। मैं उन सभी छात्र-छात्राओं को उनके उज्जवल भविष्य के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं देता हूँ।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने फरीदाबाद की लिंग्याज़ विद्यापीठ के ऑडिटोरियम रंगमंच का उद्घाटन किया

हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने आज बुधवार को लिंग्याज़ विद्यापीठमें दीप प्रज्वलित कर तथा रिबन काटकर लिंग्याज़ विद्यापीठ के ऑडिटोरियम ÷रंगमंच÷ का उद्घाटन किया। लिंग्याज़ विद्यापीठ के चांसलर पिचेश्वर गड़े ने राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय का पुष्पगुच्छ देकर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरूआत एकता की प्रार्थना के साथ हुई।

राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय ने उपस्थित छात्र-छात्राओं तथा गणमान्य लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी विद्यार्थी पढ़ाई के साथ अन्य सांस्कृतिक, कला तथा खेल से जुड़ी गतिविधियों में भी ज़रूर भाग लें। उन्होंने सभी छात्र-छात्राओं शिक्षकों को ऑडिटोरियम के उद्घाटन पर बधाई एवं शुभकामनाएं भी दी।इस दौरान अनेक सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन हुआ जिसमें वेलकम स्पीच, शॉर्ट फिल्म, अभिनंदन और विद्यापीठ के छात्रों द्वारा नृत्य भी प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर प्रो-वाइस चांसलर प्रो. (डॉ.) चिन्नैयन रामासुब्रमण्यम, डॉयरेक्टर डॉ. भावीक कुचिपुड़ी, रजिस्ट्रार प्रेम कुमार सलवान, संयुक्त रजिस्ट्रार, इवेंट काउंसिल प्रमुख, समेत सभी विभाग प्रमुख, सभी शिक्षण एवं गैर-शिक्षण कर्मचारी उपस्थित रहे।

Faridabad News

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@ gmail.com
website: www.alivenews.co.in

# Dynasty International School hosted the "Jashn – e -Magic" show



**Faridabad/Alive News:**

Dynasty International School sec 28 Faridabad recently hosted the "Jashn – e -Magic" show, a vibrant event designed for children across different age groups. The day was filled with excitement, featuring a fancy dress competition themed "Retro," and a dance competition celebrating Independence Day and Janmashtami. Young students showcased their mesmerizing performances, took the stage, showcasing their talent and creativity. Kalpana Verma, Director of Dynasty International School, delivered an inspiring speech to uplift the spirits of the participants and awarded prizes to the deserving winners. The event was a resounding success, marked by fun, spectacular performances, and unforgettable memories.

# President Droupadi Murmu addressed the 5th convocation of J.C. Bose University

**Faridabad/Alive News**

President of India, Droupadi Murmu, today highlighted the pivotal role of educational institutions like J.C. Bose University of Science and Technology in addressing the challenges and leveraging the opportunities presented by the fourth industrial revolution. She was addressing the 5th convocation of J.C. Bose University of Science and Technology, YMCA in Faridabad, Haryana. The convocation was presided over by Governor of Haryana and Chancellor of the University, Shri Bandaru Dattatraya, and Vice Chancellor Prof. Sushil Kumar Tomar was also present. The President conferred 13 PhD degrees and awarded 2 medals and certificates to the students in the presence of Governor Shri Bandaru Dattatreya. A total of 1536 students and researchers who



completed their degrees in the year 2023 were conferred degrees, including 998 graduates, 525 postgraduates, and 13 PhDs. Among the recipients, there were 874 boys and 662 girls. Two meritorious girl students were awarded gold medals: Ishita Juneja received the Governor-Chancellor Gold Medal worth Rs 75,000 as the overall B.Tech topper, and Kajal Sharma received the Chief Minister Gold Medal worth Rs 65,000 as the overall B.Tech Girl topper. President Smt. Murmu congratulated the students on their convocation and noted the significant representation of women, with 43 percent of the degree recipients being girls. She expressed her desire to see this ratio improve. The President praised the University's efforts to promote research, including the introduction of the J.C. Bose Young Scientist Award and provisions for seed money for research. She also commended the University's initiatives such as MoUs with industrial and academic institutions and the establishment of Centres of Excellence in collaboration with multinational companies. he President appreciated the University's initiative to implement the NEP and provide education aligned with its goals. She also acknowledged the contribution of the Institution to making youth skilled and self-reliant for over five decades and highlighted the impressive list of alumni who are excelling in various fields and supporting students financially and through mentorship. Murmu suggested that educational institutions should take steps to strengthen and make the role of the alumni association more effective. She described the great scientist Jagdish Chandra Bose as a pioneer of modern science and a source of inspiration for students to bring about positive change through technology. The ceremony concluded with the singing of the national anthem. On this occasion, Chief Secretary of Haryana Shri T.V.S.N. Prasad, Director General of Police Shri Shatrujeet Kapoor, Commissioner of Police Shri C.P. Narwal, Faridabad Deputy

# Manav Sanskar School celebrated Janmashtami with great enthusiasm



**Faridabad/Alive News:**

Manav Sanskar Public School celebrated Krishna Janmashtami with great enthusiasm and reverence. Students participated in traditional attire, embracing the festive spirit. The event featured a worship ceremony for Lord Krishna by chairman Yogesh Sharma, a fashion show by nursery students, and engaging speeches by students. Under the guidance of our esteemed Principal, Dr. Kaumudi Bhardwaj, the celebration also included the distribution of leaf-shaped tokens. The entire school community came together to honor the birth of Lord Krishna. The well-organized program included a variety of activities, such as a dance performance jhanki and Dahi Handi (displays of Krishna's life), along with dance performances, ensuring a memorable and joyful occasion for everyone involved.

# Faridabad Model School visited Oxyglow Cosmetics

**Faridabad/Alive News**

Faridabad Model School, Sector-31, Faridabad organised an industrial visit to Oxyglow Cosmetics located in Faridabad on August 28, 2024 for Class IX. OxyGlow is India's leading manufacturer with wide range of natural beauty products using herbal components and ingredients of the highest quality. In a captivating glimpse into the world of beauty innovation, OxyGlow Cosmetics opened its doors today for FMSians, offering an exclusive look at its state-of-the-art facility. The visit highlighted the company's commitment to cutting-edge technology and sustainable practices in the cosmetic industry. The event began with a warm welcome.Students were guided through various departments, including production, packaging and quality control. The tour also featured a behind-the-scenes look at OxyGlow's eco-friendly manufactur-



ing practices. Students had the opportunity to engage with product demonstrations and participate in interactive sessions. The company's product line, which focuses on using natural, ethically sourced ingredients, was met with enthusiasm

# Janmashtami Celebrations at Dynasty International School

**Faridabad/Alive News**

Dynasty International School, Sector 28 celebrated Janmashtami. The celebrations were filled with devotion, dance and cultural activities that brought the festival spirit alive for Dynasty International School young students. The celebrations began with a heartfelt Puja (prayer ceremony). The children gathered around a beautifully decorated altar where a small idol of Lord Krishna was placed. The little children offered flowers, prayed and sang bhajans (devotional songs) in praise of Lord Krishna. The atmosphere was serene and filled with innocence and enthusiasm that only children can bring. After the Puja, the celebrations took on a more vibrant tone with a series of dance performances. The children were dressed in the costumes of little Krishna and Radha. Colourful costumes, sparkling jewellery and wide smiles made the performances captivating. The celebrations concluded



with the distribution of prasad (sacred food offerings). This Janmashtami celebration was a memorable event that gave the children a chance to connect with their heritage in a fun and engaging way.

# Dynasty School students visited Parliament House leadership of Principle



**Faridabad/Alive News**

Dynasty International School, Sector 28 Principal Nitin Verma was organized an educational trip to the Parliament House for the shining stars of Dynastians. They had the incredible opportunity to explore both the historic Old Parliament Building and the state-of-the-art New Parliament House. The visit was not just informative but also highly interactive, providing the students with deep insights into the functioning of our democracy. The session was engaging and educational, leaving everyone with newfound knowledge and a sense of appreciation for the nation's governance. Truly, a day well spent and greatly enjoyed by all! This kind of experience often leaves students with a greater appreciation for their country's political system and the importance of participating in democracy.

# Workshop organized by FuIndia at Ashirwad School

**Faridabad/Alive News**

Ashirwad Public High School, Sector-21D SGM Nagar had the honor of hosting an enlightening workshop led by Miao-Ju Chwo, Director of the Service Learning Centre and Team Leader of 2024 FuIndia from Taiwan. The event, driven by the core values of Care, Concern, and Compassion, resonated deeply with both students and faculty. During the program, Miao-Ju Chwo expressed her admiration for India's rich culture, the passion of its people, and the deep sense of patriotism that defines the nation. This appreciation added a special connection between the delegates and our school community. In addition to the insightful discussions on Sustainable Development Goals (SDGs), the workshop also included a variety



of activities aimed at promoting overall well-being. Students engaged in fitness sessions designed to enhance physical health and participated in health awareness programs that emphasized the importance of maintaining a balanced lifestyle. The event also featured aesthetic artistic activities, allowing students to express their creativity while exploring themes related to sustainability. The interactive nature of the workshop fostered a sense of global responsibility among the participants, inspiring them to take active steps toward building a more sustainable future. Ashirwad Public High School looks forward to future collaborations with Team 2024 'FuIndia' aiming to create more opportunities for holistic learning and growth. School Director Anshu Singh and Principal Jyoti Chaudhary expressed their enthusiasm for the ongoing partnership, emphasizing the importance of such initiatives in shaping students.

# D.A.V. School- 49 premises celebrated Janmashtami



**Faridabad/Alive News**

The premises of D.A.V. Public School, Sector 49, Faridabad, witnessed a lively and heartwarming Janmashtami celebration on August 24, 2024, as the tiny tots of the Pre-primary section came together to honour the birth of Lord Krishna. The event was marked by vibrant performances, traditional rituals and enthusiastic participation from the youngest members of the school. Well-rehearsed speech, songs and dance performances by the students brought to life, the playful and mischievous nature of Lord Krishna, drawing smiles and applause from the audience. The children's energy was palpable. Parents were invited to join the festivities and were visibly proud as they watched their children, confidently take the center stage. Speaking on the occasion, the Principal, Sh. Rajan Gautam emphasized the importance of instilling virtuous values among the children from a young age and treating them with affection. He praised both, the little ones for their efforts and the teachers, dedicated to the safekeeping of every child in a secure and nurturing environment. The Janmashtami celebration was a memorable occasion that highlighted the school's dedication to holistic education and cultural enrichment.

**The children's energy was palpable. Parents were invited to join the festivities and were visibly proud as they watched their children, confidently take the center stage.**

# Students of Faridabad Model School visited Amul Milk Plant



**Faridabad/Alive News**

Faridabad Model School, Sector-31, Faridabad organised an industrial visit to Amul's Banas Milk Plant located in Faridabad on August 20, 2024 for Class XII. The representative of Amul Plant shared the detailed information about the products manufactured, manufacturing capacity, quality check mechanisms, raw material sourcing, distribution of finished goods, manufacturing process, machine based packing, safe procurement and the variety of production. The students were taken to milk and cottage-cheese manufacturing unit of Amul, where theywere shown how milk is packed by use of robotics and human friendly softwares. The visit was very infomative and the students got the detailed idea about the working of the dairy.

# Students of Faridabad Model School visit Escorts Kubota

**Faridabad/Alive News**

Faridabad Model School, Sector-31, Faridabad organised an industrial visit to Escorts kubota Ltd. located in Faridabad on August 22, 2024 for Class XI. Escorts Kubota Limited is an Indian multinational conglomerate that operates in the sectors of agricultural machinery, construction machinery, material handling, and railway equipment. Escorts manufactures tractors, automotive components, railway equipment, and construction and material handling equipment. The objective of the visit was to help students gain a practical insight behind industry's working methods and operations. The visit was organized to provide students with an opportunity to test their theoretical knowledge and under-



stand the practical functioning of industry system. The Plant Manager of the corporation welcomed students and started explaining the background of the Agricultural machinery industry, manufacturing plant, processes and working methods followed in the corporation. They also highlighted the operation techniques adopted by the manufacturing plant for the optimum utilization of resources. The Plant Manager gave a full tour of the plant explaining the complete manufacturing of Tractor from starting to ending. The students were taken to different sub-units for better understanding of manufacturing process. The students participated enthusiastically and cleared their doubts regarding the different aspects of the industry like finance, marketing and operations etc.

# भाजपा सरकार में किसान वर्ग उन्नति की राह पर हुआ अग्रसरः जैजू ठाकुर

## भाजपा किसान मोर्चा ने फरीदाबाद और तिगांव विधानसभा में निकाली किसान ट्रैक्टर यात्रा

Faridabad/Alive News

हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी व भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेशाध्यक्ष सुखविन्द्र सिंह मांडी के दिशा निर्देश अनुसार भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष राजू उर्फ जैजू ठाकुर में रविवार को किसान ट्रैक्टर यात्रा का आयोजन किया गया।




यह रैली फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के कुसुम भाटी कार्यालय से आरंभ होकर पूरे क्षेत्र में घूमते हुए तिगांव विधानसभा क्षेत्र में पहुंची। इस दौरान बड़ी संख्या में किसानों ने इस यात्रा में बढ़चढकर हिस्सा किया और जगह-जगह यात्रा का फूल मालाओं से जोरदार स्वागत किया गया। इस मौके पर लोगों को संबोधित करते हुए राजू उर्फ जैजू ठाकुर ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार ने हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य किए है, खासकर किसानों की बात की जाए तो केंद्र व प्रदेश सरकार ने इस वर्ग के लिए इतनी योजनाएं क्रियान्वित की है, जिससे प्रदेश का किसान आज खुशहाली के दौर से गुजर रहा है। उन्होंने कहा कि हरियाणा में विधानसभा चुनाव घोषित हो चुके है और किसान सहित अन्य वर्ग प्रदेश में तीसरी बार भाजपा की सरकार बनाने का संकल्प ले चुका है। यात्रा के दौरान जगह-जगह जैजू ठाकुर ने लोगों से भाजपा के पक्ष में मतदान करने की अपील की है। इस अवसर पर जिला उपाध्यक्ष देवदत्त शर्मा, कुसुम भाटी, राजेंद्र तालान, रिषी राज गुप्ता, गीता शर्मा खेडी मंडल अध्यक्ष, सुरेंद्र वर्मा, सह सचिव सुधीर दीक्षित, सुनील सरधाना तिगांव मंडल अध्यक्ष, संजय सिंह सराय मंडल अध्यक्ष, मुनेश श्रीवास्तव मंडल अध्यक्ष, अजीत शर्मा सहित अनेकों गणमान्य लोग मौजूद थे।

## सैनिक कॉलोनी के लोग विजय प्रताप के समर्थन में हुए एकजुट

# प्रदेश में कांग्रेस सरकार बनने पर हटेंगे शहर से तीन टोल : विजय प्रताप सिंह

Faridabad/Alive News

बडख़ल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस नेता विजय प्रताप सिंह ने डंके की चोट पर कहा कि प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आने पर आपसे वादा करता हूं कि शहर को टोल फ्री कराया जाएगा। गुडग़ांव, बदरपुर एवं सोहना टोल टैक्सों को खत्म करने का काम हम करेंगे। आज फरीदाबाद के लोग 6-6 टोल झेल रहे हैं, क्या कसूर है उनका। उन्होंने कहा कि नगर निगम का सालाना बजट 2500 करोड़ है, उसके बावजूद शहर के इतने बुरे हालात हैं। वो इसलिए कि 250-250 करोड़ की फाइलें बनाकर बिना काम किए रुपयों को खा जाते हैं। ऐसे में सीवर, जलभराव, सडक़ों, पार्कों, गंदगी की समस्या का समाधान कैसे संभव हो पाएगा। शहर के पॉश एरिया में भी एक-एक हफ्ते से पानी नहीं आ रहा है। यह बातें बडख़ल विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस नेता विजय प्रताप सिंह ने रविवार को सैनिक कॉलोनी स्थित आवास पर सैनिक कॉलोनी के लोगों से एक मेल-मिलाप बैठक को सम्बोधित करते हुए कहीं। बैठक सभी लोगों से रूबरू हुए और आए हुए लोगों से उनके सुझाव एवं समस्याएं सुनी। इस मौके पर विजय प्रताप ने कहा कि सैनिक कॉलोनी



मेरा गृह क्षेत्र है और मैं यहां बसता हूं। हमारा घर पंचायती है आपका अपना घर है आप कभी आ सकते हो। आपको अपना परिवार मिलेगा। विजय प्रताप ने कहा कि सैनिक कॉलोनी के लोग मेरा परिवार हैं और हम हर वर्ष एक कार्यक्रम ऐसा करेंगे, जिसमें सभी एकत्रित हो सकें और एक उत्सव के रूप में उसे मनाएंगे। हो सकता है पिछले समय में कुछ कमियां हमारी तरफ से रह गई हों, लेकिन इस बार इन कमियों को भुलाकर साथ देने का समय है। मैं जनता के लोगों के साथ मिलकर विकास के नए आयाम स्थापित करूंगा और आपको शिकायत का मौका नहीं दूंगा। सैनिक कॉलोनी के लोगों को मूलभूत समस्याओं के लिए संघर्ष नहीं करना पड़ेगा। मार्केट में जो जलभराव की समस्या है, उसका समाधान कराया जाएगा। सामुदायिक केन्द्र को 6 महीने के अंदर नये तरीके से बनवाया जाएगा। कॉलोनी में काफी मात्रा में आसपास आवारा पशु घूम रहे हैं, बच्चे अपने घरों से बाहर नहीं निकल सकते। जबकि हरियाणा में करोड़ों रुपए गोसेवा आयोग को दिए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि जब कांग्रेस सरकार थी और चौ. महेन्द्र प्रताप प्रदेश सरकार में मंत्री थे तो यह कॉपरेटिव सोसायटी थी और कॉपरेटिव सोसायटी की अपनी कुछ सीमाएं होती हैं, कुछ दायरे होते हैं, जिसकी वजह से हम कॉलोनी में जो कार्य करने चाहिए थे, नहीं कर पाए। लेकिन, 2015 में सैनिक कॉलोनी के नगर निगम के अंडर में आने के बाद यहां पर विकास कार्य होने चाहिए थे। 2019 चुनावों से पूर्व यहां पर सडक़ों का उद्घाटन किया था, लेकिन आज तक सडक़ों का कार्य पूरा नहीं हुआ है। कई जगह सडक़ें बनी भी है, उनकी गुणवत्ता ऐसी है कि एक साल के अंदर ही वह टूटने लगी है, फूलने लगी हैं। उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि जब 50 प्रतिशत से अधिक कमीशन के रूप में ये लोग खा लेंगे, तो मैटेरियल आप समझ सकते हैं, कि किस प्रकार का प्रयोग होगा। कॉलोनी के लोग 100 करोड़ से अधिक का राजस्व फ्लैट की रजिस्ट्रीयों के राजस्व के रूप में सरकार को दे चुके हैं, लेकिन विकास के नाम पर यहां के हालात आप लोगों के सामने हैं। उन्होंने कहा कि आज राजनीतिक सिस्टम इतना खराब हो चुका है कि लोगों में राजनीतिक निराशा आ चुकी है। लोग लाखों रुपए टैक्स देने के बावजूद अपने मूलभूत कामों के लिए तरस रहे हैं और नेता व अधिकारियों के आगे हाथ फैला रहे हैं, जबकि यह हमारा अधिकार है। हमारे पैसे से हमें सडक़, सीवर, बिजली, पानी की सुविधा देना किसी भी सरकार का फर्ज है। भारतीय जनता पार्टी ने अपने दस साल के कार्यकाल में कोई काम नहीं किया, सिर्फ लोगों को झूठ और बहकावे में बेवकूफ बनाने का काम किया है। पूरे शहर में जलभराव, टूटी सडक़ें एवं सीवर से लोग जूझ रहे हैं। एक भी नया कॉलेज बीजेपी पिछले 10 वर्षों में शहर में नहीं ला पाई। बात करें मेट्रो की तो फरीदाबाद में मेट्रो लाने का काम कांग्रेस ने किया। बल्लभगढ़ से पलवल एवं गुडग़ांव तक ले जाने की बात इन्होंने की, लेकिन मेट्रो का एक पिलर भी नहीं लगा पाए। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है धर्म और जातिवाद के नाम पर लोगों को बहलाकर लूटने वाले भाजपा के नेताओं को बाहर भगाने का और प्रदेश, अपने शहर एवं अपने गांव की तरक्की में सहयोग बढ़ाने का। इसलिए अपने विवेक का प्रयोग करें और अधिक से अधिक संख्या में अपने मतदान का प्रयोग अपने हित में करें। सरकार बदलने के साथ ही आपको व्यवस्था परिवर्तन स्वयं दिखाई देगा और आप बिजली, पानी, सीवर के लिए नहीं, बल्कि विश्वविद्यालय, कॉलेज, अस्पताल एवं शहर के सौंदर्यकरण की बात करेंगे।

## कार्यकर्ता मीटिंग में 102 गांवों की सरदारी ने पूर्व विधायक को दिया चुनाव लडऩे का दिशा निर्देश

# भाजपा शीर्ष नेतृत्व का सम्मान, लेकिन क्षेत्र की जनता मेरे लिए सर्वोपरिः पं. टेकचंद शर्मा

Faridabad/Alive News

हरियाणा विधानसभा चुनाव के मद्देनजर पृथला क्षेत्र के पूर्व विधायक पं. टेकचंद शर्मा ने अपने सीकरी स्थित कार्यालय पर कार्यकर्ता मीटिंग का आयोजन किया गया। मीटिंग में क्षेत्र के 102 गांवों की मौजिज लोगों ने हजारों की तादाद में अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई। कार्यक्रम में गांवों की पंच-सरपंचों, पूर्व सरपंचों, ब्लाक मेम्बरों सहित गणमान्य लोगों ने पगड़ी बांधकर व फूल माला पहनाकर पं. टेकचंद शर्मा का स्वागत किया और उन्हें विधानसभा चुनाव लडऩे को कहा। इस मौके पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए पूर्व विधायक पं. टेकचंद शर्मा ने कहा कि 2007 से जब से पृथला क्षेत्र बना है, तब से वह इस क्षेत्र की सेवा में समर्पित है। इतना प्यार दुलार यहां की जनता ने उन्हें दिया है, शायद मेरे बड़े बुजुर्गो ने कोई पुण्य के कार्य



किए होंगे, जो जिस पावन धरा की जनता ने उन्हें जिताकर विधानसभा में भेजा था। उन्होंने कहा कि पांच सालों तक विधायक रहने के दौरान उन्होंने बहुत कार्य क्षेत्र के लिए किए और कुछ करने की चाहत उनके दिल में रह गई। पिछले चुनावों में भी आप सभी लोगों को बुलाकर मैंने आपसे से आदेश लिया था और आपने चुनाव ना लडऩे का आदेश दिया था, जिसे मैंने सहर्ष स्वीकार किया। 2014 से 2024 तक हम भारतीय जनता पार्टी के साथ मिलकर काम कर रहे है, पार्टी को जब-जब हमारी जरूरत हुई, हमने पूरी ईमानदारी से काम किया, लेकिन आज पृथला क्षेत्र की जनता की भावनाओं को भी भाजपा शीर्ष नेतृत्व को समझना चाहिए। आज सीआईडी, आईबी की रिपोर्ट, सर्वे सभी हमारे हक में है, ऐसे में भाजपा शीर्ष नेतृत्व को छत्तीस बिरादरी की भावनाओं के अनुरुप निर्णय लेना चाहिए। उन्होंने कहा कि जब तक टिकट फाइनल न हो जाए, तब तक संयम और शांति बनाए रखे, हमें पूरा विश्वास है कि पार्टी जनता की भावनाओं के तहत निर्णय लेगी, अगर किसी कारण वश उनकी टिकट नहीं भी होती है तो वह क्षेत्र की जनता का जो आदेश होगा, उसके अनुरुप कार्य करेंगे। श्री शर्मा ने मीटिंग में भारी संख्या में पहुंचे लोगों का आभार जताते हुए कहा कि एक फोन कॉल पर इतनी बड़ी संख्या में आने पर सभी का आभार और यहां उपस्थित लोग ही उनकी ताकत है और वह उनके हितों और पृथला क्षेत्र के विकास के लिए चुनावी रण में अवश्य उतरेंगे। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने हाथ उठाकर पंडित टेकचंद शर्मा को विश्वास दिलाया कि आप चुनाव लडो, हम आपके साथ है और चाहे टिकट मिले या न मिले, इस क्षेत्र की जनता आपको भारी मतों से विजयी बनाकर चंडीगढ़ भेजेगी।

## टीम ललित नागर ने तिगांव मांगे हिसाब के तहत अगवानपुर में सुनीं लोगों की समस्याएं

# कांग्रेस सरकार बनने पर होगा तिगांव क्षेत्र का योजनाबद्ध तरीके से विकासः राजू नागर

Faridabad/Alive News

तिगांव विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले विनय नगर में तिगांव मांगे हिसाब अभियान के तहत एक सभा का आयोजन किया गया, जिसमें टीम ललित नागर के सदस्यों राजू नागर, अभिलाष नागर, प्रियांशु, रुपेश, सुंदर नेताजी, ब्रहम प्रधान, मोनू चौधरी, नीरज हलवाई, रोशन, देवेंद्र आदि ने हिस्सा लेकर लोगों की समस्याओं को सुना। इस दौरान लोगों ने बताया कि उनकी यहां सडक़ें टूटी पड़ी है, पीने के पानी की कमी है, सरकारी अस्पताल व स्कूलों का टोटा है, सीवरेज ओवरफ्लो हो रहे है, जिनका गंदा पानी सडक़ों व गलियों में फैला रहता है, जिससे बीमारियां फैलने का अंदेशा बना हुआ है, शिकायतें करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं होती। लोगों की समस्याएं सुनने के बाद राजू नागर ने कहा कि भाजपा सरकार में तिगांव क्षेत्र विकास के मामले में कोसों पीछे छूट गया, शहरी क्षेत्र हो या फिर ग्रामीण सभी जगह विकास ढूंढे नहीं मिल रहा, लोग बुनियादी सुविधाओं को तरस रहे है, लेकिन प्रशासन व सरकार पूरी तरह से



मौन है। उन्होंने कहा कि भाजपा विधायक ने पांच सालों में विकास के नाम पर कोई काम नहीं किया, लेकिन स्टंटबाजी करके खुद को महिमामंडित किया है। श्री नागर ने कहा कि पांच सालों के दौरान पूर्व विधायक ललित नागर ने शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों में घूमकर लोगों की समस्याओं को जाना है ताकि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद इन समस्याओं का जड़मूल से समाधान किया जा सके। राजू नागर ने लोगों को विश्वास दिलाया कि हरियाणा में कांग्रेस स्पष्ट बहुमत से सरकार बना रही है और सरकार बनने के बाद सभी समस्याओं का समाधान होगा और तिगांव क्षेत्र का योजनाबद्ध तरीके से विकास किया जाएगा। उन्होंने लोगों से आह्वान किया कि तिगांव के समुचित विकास के लिए ललित नागर को भारी मतों से विजयी बनाकर चंडीगढ़ भेजें ताकि तिगांव क्षेत्र में व्याप्त सभी समस्याओं का जड़मूल से समाधान किया जा सके।

# स्वास्थ्य जांच शिविर में कसाना फार्म हाऊस पर 200 से ज्यादा लोगों ने कराई जांच



Faridabad/Alive News

गांव महमूदपुर में पूर्व सरपंच रामसिंह नेताजी, वरिष्ठ समाजसेवी सतबीर कसाना तथा अपोलो अस्पताल के सहयोग से कसाना फार्म हाऊस पर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 200 से ज्यादा लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। लोगों के स्वास्थ्य की जांच अपोलो अस्पताल के अनुभवी डॉक्टरों की टीम द्वारा की गई। स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन सुबह 7 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया गया। शिविर में हर आयु वर्ग के लोगों ने लाभ उठाया। कैंप में 200 से ज्यादा लोगों ने अपने स्वास्थ्य की जांच करवाई। पूर्व सरपंच रामसिंह नेताजी, वरिष्ठ समाजसेवी सतबीर कसाना ने बताया कि मानव सेवा एवं समाज सेवा ही सबसे बड़ा धर्म है। जब भी मौका मिलता है, इस तरह के शिविर के माध्यम से लोगों की सेवा करते हैं। जिससे अबतक हजारों लोग लाभान्वित हो चुके हैं। शिविर में अपोलो अस्पताल के डा. पी.एन. रंजन न्यूरोलॉजी, डा. दिनेश चौधरी न्यूरोलॉजी, डा. अविनाश गोस्वामी, डा. श्रेस्ता सिंह, योगेश व उनकी टीम ने लोगों के स्वास्थ्य की जांच की। शिविर में 200 मरीजों के ब्लड प्रेशर, शुगर, ईसीजी एवं अन्य बीमारियों की जांच पड़ताल कर मुफ्त चिकित्सा सेवा का लाभ उठाया। इस आयोजन से शिविर में आने वाले मरीज काफी खुश दिखे। मौजूद लोग स्वास्थ्य शिविर के आयोजन के लिए डॉक्टरों व पूर्व सरपंच रामसिंह नेताजी, वरिष्ठ समाजसेवी सतबीर कसाना का धन्यवाद दे रहे थे। इस मौके पर प्रमोद भाटी पार्षद, अजय सरपंच, गिरधारी सरपंच, पूर्व सरपंच उम्मेद, सरपंच रतन, सरपंच ललित, सरपंच रवि, भूदेव पूर्व सरपंच, जसमाल पूर्व सरपंच, रमेश सरपंच, अनिल सरपंच, धर्मसिंह सरपंच, योगेश सरपंच, प्रिंस सरपंच, अजब सरपंच, प्रेम सिंह नंबरदार, गोपाल नंबरदार, यशपाल मास्टर, बीर सिंह व सुनील सरपंच मौजूद थे।

# विश्व बधिर शूटिंग चैंपियनशिप में बल्लभगढ़ के शुभम ने जीता कांस्य पदक

Faridabad/Alive News

जर्मनी में चल रहे दूसरे विश्व बधिर शूटिंग चैंपियनशिप में हरियाणा राज्य फरीदाबाद जिले के बल्लभगढ़ से शुभम वशिष्ठ ने शनिवार को 10 मीटर एयर पिस्टल एकल स्पर्धा में कांस्य पदक व 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतकर देश का नाम ऊंचा किया। बल्लभगढ़ की भीकम कालोनी में रहने वाला शुभम वशिष्ठ अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी है। शुभम जन्म से मुख बधिर है वह ना बोल सकता है और ना ही सुन सकता है। वह इशारे व लिप्सिंग से ही बात करते व समझते है। शुभम की शूटिंग यात्रा 2017 में शुरू हुई, जब वो महज 17 साल के थे। उन्होंने बल्लभगढ़ की 10 मीटर शूटिंग अकादमी में कोच राकेश सिंह के मार्गदर्शन में 10 मीटर एयर पिस्टल की ट्रेनिंग लेना शुरू किया। अपने पहले ही स्टेट लेवल टूर्नामेंट (हरियाणा स्टेट शूटिंग चैंपियनशिप 2017) में शुभम ने 10 मीटर एयर




पिस्टल मेन्स कैटेगरी में दूसरा स्थान हासिल किया था। 2018 से शुभम ने नेशनल गेम्स में हिस्सा लेना शुरू किया। वह नेशनल शूटिंग कॉम्पिटिशन चैंपियनशिप, नॉर्थ जोन चैंपियनशिप, ऑल इंडिया कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चैंपियनशिप और ऑल इंडिया जी.वी. मावलंकर शूटिंग चैंपियनशिप जैसी प्रतियोगिताओं में अपना जलवा दिखाते रहे। जनवरी 2022 से शुभम ने 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल और 50 मीटर पिस्टल इवेंट्स में भी भाग लेना शुरू किया। इसी साल उन्होंने ब्राजील में हुए 24वें डेफलिंपिक्स (डेफ ओलिंपिक्स) 2022 में भारत का प्रतिनिधित्व किया। अब शुभम ने जर्मनी में चल रही दूसरी विश्व बधिर शूटिंग चैंपियशूटिंग में 10 मीटर एयर पिस्टल एकल स्पर्धा में कांस्य पदक व 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में रजत पदक जीतकर उन्होंने साबित कर दिया है कि वे वर्ल्ड स्तर पर भारत का नाम रोशन करने की क्षमता रखते हैं। 10 मीटर एयर पिस्टल टीम स्पर्धा में उनके साथ अभिनव देशवाल व चेतन हनमत सकपाल थे। शुभम की चुनौतियाँ अभी खत्म नहीं हुई हैं। उन्हें 4 सितंबर और 6 सितंबर को क्रमशः 25 मीटर स्पोर्ट्स पिस्टल और 25 मीटर स्टैंडर्ड पिस्टल के मुकाबलों में भी हिस्सा लेना है। उम्मीद है कि वे इन प्रतियोगिताओं में भी अपना बेस्ट देंगे और देश के लिए और मेडल्स जीतेंगे। शुभम की इस सफलता के पीछे उनकी कड़ी मेहनत और समर्पण है। रावल कॉन्वेंट स्कूल से 12वीं पास करने के बाद उन्होंने अग्रवाल कॉलेज बल्लभगढ़ से बी कॉम ऑनर्स और बी कॉम की पढ़ाई की। लेकिन पढ़ाई के साथ-साथ वे अपने शूटिंग प्रैक्टिस पर भी पूरा ध्यान देते रहे। शुभम वशिष्ठ की कहानी हर उस युवा के लिए प्रेरणा है जो अपने सपनों को पूरा करने के लिए संघर्ष कर रहा है। उनकी सफलता बताती है कि अगर आप अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित हैं और कड़ी मेहनत करते हैं, तो कोई भी मुकाम हासिल किया जा सकता है।

# 7 सितंबर से शुरू होगा गणेश उत्सव, स्थापित होंगे विघ्नहर्ता

**फरीदाबाद।** महाराष्ट्र मित्र मंडल द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सार्वजनिक श्री गणेश उत्सव 06 सितम्बर से 15 सितम्बर तक गांधी कॉलोनी स्थित समुदाय भवन में मनाया जा रहा है। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री गणेश प्रतिमा शाडू मिट्टी से बनाई जा रही हैद्य मूर्तिकार लक्ष्मण पांचाल ने बताया कि यह मिट्टी खास तोर पर वह महाराष्ट्र से मंगवाते है और इस मिट्टी से बनी प्रतिमा विसर्जन के बाद केवल 4-5 घंटे में पानी में घुल जाती है द्य महाराष्ट्र मित्र मंडल के संरक्षक सुधाकर पांचाल,अध्यक्ष राजेन्द्र पांचाल एवं मंडल के सचिव चिंतामणि ने बताया की मंडल द्वारा निम्नलिखित कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।शुक्रवार 06 सितम्बर को श्री गणेश प्रतिमा की आगमन शोभायात्रा सायं 4 बजे 5 बी-81 से प्रारम्भ होकर एनआईटी- 5 मार्किट से होते हुए उत्सव स्थल तक पहुंचेगी। शनिवार 07 सितम्बर को श्री गणेश प्रतिमा की पूरे विधि विधान एवं मंत्रोच्चार के साथ स्थापना सुबह 10 बजे से की जाएगी एवं रात्रि 8 बजे से मंडल द्वारा भजन संध्या का आयोजन किया जायेगा।

## मेजर ध्यानचंद जी की 119वीं जयंती पर हुआ हॉकी टूर्नामैंट का आयोजन

# खेलों से होता है मनुष्य का शारीरिक व मानसिक विकासः बलजीत कौशिक

Faridabad/Alive News

मेजर ध्यानचंद जी की 119वीं जयंती के अवसर फरीदाबाद विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गांव सीही और प्रिंस हॉकी क्लब द्वारा हॉकी टूर्नामैंट का आयोजन किया गया। टूर्नामैंट में फरीदाबाद, गुरुग्राम व दिल्ली की चार टीमों ने हिस्सा लिया। टूनामैंट में मुख्यातिथि के रुप में वरिष्ठ



कांग्रेसी नेता बलजीत कौशिक, हरियाणा कांग्रेस विचार विभाग के चेयरमैन विनोद कौशिक, अजय शर्मा, रमेश सरपंच ने शिरकत की। टूर्नामैंट का शुभारंभ अतिथियों द्वारा किया गया और उन्होंने खिलाडिय़ों से हाथ मिलाते हुए उनका परिचय लिया। इस मौके पर कांग्रेसी नेता बलजीत कौशिक ने कहा कि मेजर ध्यानचंद जी को हॉकी का जादूगर कहा जाता था, उनके प्रयासों से ही हॉकी खेल ने काफी प्रसिद्धि हासिल की और आज हॉकी भारत का राष्ट्रीय खेल है। उन्होंने कहा कि कोई भी खेल हो, उसे खिलाडी को खेल भावना से खेलना चाहिए, जीत-हार के मायने से अलग हटकर भाईचारे की भावना से खेल खेलने चाहिए। खेलों से मनुष्य का शारीरिक और

# नामांकन में सिर्फ 5 लोगों को अनुमति, पहले ही रोक दिया जाएगा काफिला

Faridabad/Alive News

हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए पांच सितंबर से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जाएगी। इसके लिए जिला प्रशासन भी अपनी तैयारी में जुट चुका है। नामांकन के दौरान गाडिय़ों के काफिले के साथ आने वाले लोगों को बाहर ही रोकने के लिए जिला उपयुक्त कार्यालय से



करीब 100 मीटर पहले ही बैरिकेड किया जा रहा है। ताकि उम्मीदवार सहित सिर्फ 5 लोग ही अंदर आ सकें। नामांकन पत्र के दौरान सिर्फ 5 लोगों का ही कार्यालय के अंदर प्रवेश करने की अनुमति है। बैरिकेड के बाद यहां पर ट्रैफिक पुलिस और स्थानीय पुलिस भी इस दौरान मौजूद रहेगी। लोगों को अपना वाहन बैरिकेड से 50 मीटर दूर खड़ा करना होगा। 5 से 12 सितंबर तक नामांकन भरे जाएंगे, इसके बाद 13 को नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। 5 अक्टूबर को चुनाव के

Faridabad News

ALIVE NEWS
E-mail : alivenews30@gmail.com
website: www.alivenews.co.in

## प्रत्यूष अग्रवाल का ड्रैगन बोट एशियन चैंपियनशिप में चयन

Faridabad/Alive News

ओल्ड फरीदाबाद निवासी प्रत्यूष अग्रवाल का चयन हांगकांग में आयोजित होने वाली ड्रैगन बोट एशियन चैंपियनशिप के लिए हुआ है। स्मार्ट सिटी में पहली बार कोई खिलाड़ी नौकायन खेल में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर औद्योगिक जिले का प्रतिनिधित्व करेगा। जिसको लेकर उनके परिवार ही नहीं बल्कि स्कूल व आसपास के क्षेत्र में खुशी का माहौल है। प्रत्यूष ने एशियन चैंपियनशिप के लिए जून में पतरातू झारखंड में हुए ट्रायल में हिस्सा लिया और शानदार प्रदर्शन करने पर एसोसिएशन ने चयन पत्र जारी किया था। ड्रैगन बोट एशियन चैंपियनशिप आगामी 11 से 13 अक्टूबर 2024 को होगी। पेशे से वकील प्रत्यूष की मां रुचि गुप्ता ने बताया कि वी स्कूल व कॉलेज के दौरान खेल जगत में उन्होंने भी विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं में प्रतिभागिता कर बेहतर प्रदर्शन कर समाज व राष्ट्र का नाम रोशन किया। खेल जगत से मिली टीमवर्क, आत्म अनुशासन, सफल भविष्य जैसे गुणों को आत्मसात कर आज बरसों बाद भी बतौर अभिभावक मैंने अपने पुत्र को भी इन गुणों को विरासत में देने का सफल प्रयास किया है। जिसके परिणाम स्वरूप आज मेरा पुत्र का उक्त अंतरराष्ट्रीय नाव प्रतियोगिता की टीम मे पूरे प्रदेश से अकेले ही चयन हुआ है। उन्होंने बताया कि उनका बेटा अभी 13 वर्ष का है और यमुनानगर स्थित करियर डिफेंस स्कूल से आठवीं कक्षा की पढ़ाई कर रहा है। वह चार से पांच घंटे अभ्यास करता है तथा उसने आठ महीने पहले ही इसका का अभ्यास शुरू किया है। वह जिले और राज्य स्तर पर भी फरीदाबाद का गौरव बढ़ा चुका है। उनके चयन की सूचना मिलते ही पड़ोसियों व रिश्तेदारों ने उन्हें बधाई दी।



# चुनाव में पारदर्शिता के लिए महत्वपूर्ण प्रक्रिया है रेंडमाइजेशन : जिला निर्वाचन अधिकारी

Faridabad/Alive News



जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की हिदायतों के अनुसार स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव करवाना ही प्रसाशन का दायित्व और जिम्मेदारी होती है। जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह की अध्यक्षता में आज रिटर्निंग ऑफिस और विभिन्न राजनितिक दल के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में लघु सचिवालय के बैठक कक्ष में ईवीएम, बीयू, सीयू, वीवीपैट की रेंडमाइजेशन प्रक्रिया का पहला चरण सम्पन्न हुआ। जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विधानसभा आम चुनाव की पारदर्शिता एवं निष्पक्षता बनाए रखने के लिए रेंडमाइजेशन अति महत्वपूर्ण प्रक्रिया है जो चुनाव लड़ने वाले राजनीतिक दलों की मौजूदगी में करवाई जाती है। यह प्रक्रिया पूरी तरह से कम्प्यूटरीकृत होती है। उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी की गई हिदायतों की सख्ती से पालन करें। उन्होंने कहा कि जिला फरीदाबाद के विधानसभा क्षेत्रों में अब 1650 पोलिंग स्टेशन की संख्या हो गयी है। इस बार 181 नए बूथ बनाए गए हैं। जिससे आमजन को सुविधा रहेगी कि वह अपने घर के पास ही मतदान कर सके। इसके अलावा, मतदाताओं को क्यू मैनेजमेंट एप से भी बीएलओ जानकारी देगा कि मतदान के लिए कितने लोग लाइन में हैं, ताकि एक समय में बहुत अधिक भीड़ मतदान केंद्र पर न हो और मतदाता को अपना वोट डालने के लिए लंबा इंतजार न करना पड़े।

**यह होता है रेंडमाइजेशन**

जिला निर्वाचन अधिकारी विक्रम सिंह ने बताया कि रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के तहत ईवीएम आवंटन की प्रक्रिया पर उठने वाले सवालों और आपत्तियों की आशंका को खत्म किया जाता है। कंप्यूटर पर ईवीएम मैनेजमेंट सिस्टम के माध्यम से जिला में उपलब्ध सभी ईवीएम के नंबरों की सूची को दर्ज किया जाता है। कंप्यूटर अपने आप इन मशीनों को विधानसभाओं के बीच वितरित कर देता है, जिसके बाद कोई भी राजनीतिक दल यह नहीं कह सकता कि जानबूझकर कोई मशीन किसी विशेष विधानसभा अथवा बूथ में भेजी गई है। दूसरे चरण की रेंडमाइजेशन प्रक्रिया के तहत प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र अनुसार विधानसभा के लिए आवंटित ईवीएम के नंबरों की सूची और विधानसभा के बूथों की सूची को दर्ज करके कंप्यूटर की मदद से मशीनों के लिए बूथ और बूथों के लिए मशीनों का आवंटन किया जाएगा।

बैठक में एडीसी डॉ आनंद शर्मा, अतिरिक्त आयुक्त नगर निगम स्वप्निल रविंद्र पाटिल, एसडीएम फरीदाबाद शिखा अंतिल, एसडीएम बड़खल अमित मान, सीटीएम अंकित कुमार, भाजपा से अश्विनी गुलाटी व मनीष गुलाटी, कांग्रेस पार्टी से राहुल सरदाना, सीपीएम पार्टी से वीरेंदर सिंह डंगवाल, आईएनएलडी पार्टी से आर एस रौटेला, जेजेपी पार्टी से प्रेम सिंह धनखड़, आप पार्टी से दिलराज गौड़ सहित इलेक्शन विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे।

## मानव सेवा समिति द्वारा आयोजित निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप

Faridabad/Alive News

मानव सेवा समिति द्वारा आयोजित निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप मानव सेवा समिति व फोटो जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने मेदांता हॉस्पिटल गुरुग्राम के सहयोग से रविवार को मानव भवन सेक्टर 10 में एक ÷हेल्थ चेकअप कैंप÷ आयोजित किया। जिसमें 152 लोगों के कोलेस्ट्रॉल,ब्लड शुगर,ब्लड प्रेशर,पीएफटी,ईसीजी की निशुल्क जांच की गई। इस अवसर पर हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ साकिब ने 55, सांस रोग विशेषज्ञ डॉ साहिद ने 45, फिजियोथैरेपिस्ट डॉ अनुज नागर ने 30 व दंत रोग डॉक्टर ने 22 मरीजों को उचित मेडिकल परामर्श देकर इलाज किया। कोऑर्डिनेटर संजय राय,मैनेजर देश राज ने सहयोग प्रदान किया। इस अवसर पर अध्यक्ष कैलाश शर्मा, चेयरमैन युवा मंडल संदीप राठी, प्रबंधक सविता सिंगल, गोविंद वर्मा,क्षेत्र प्रबंधक सरिता गुप्ता,राज राठी, फोटो जर्नलिस्ट एसोसिएशन के प्रधान सुभाष शर्मा,सदस्य दुष्यंत त्यागी,नरेश नरूला, कार्यालय सचिव बांकेलाल सितोनी, राजेंद्र बंसल, आईसी जैन मौजूद रहे।

## सनातन तुलसी जी को विष्णुप्रिया कहता है वहीं इस्लाम ने भी माना जन्नती पौधाः डॉ.आर एन सिंह

Faridabad/Alive News



यमुना रक्षक दल के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष डॉ.आर एन सिंह ने हर घर-आंगन तुलसी अभियान को सनातन धर्म के दायरे से आगे बढ़ाकर इस्लाम प्रेमियों से भी आग्रह किया कि तुलसी जी के पौधे को अपने घर-आँगन में प्रतिष्ठित स्थान दें। डॉ.आर एन सिंह ने कहा कि कुरान में तुलसी जी का वर्णन दो स्थानों पर आया है, सूरह रहमान की 11वीं और सूरह वाकिया की 89 वीं आयत में। सूरह रहमान में जहां इसे धरती पर अल्लाह की नेमतों में बताया गया है तो सूरह वाकिया में जन्नती पौधे के रुप में बताते हुये कहा गया है कि यह उन लोगों को प्राप्त होगा जिन्हें खुदा की निकटता हासिल होगी। डॉ.आर एन सिंह ने कहा कि तुलसी जी का संबंध धर्म के साथ-साथ पर्यावरण तथा स्वास्थ्य से भी है अत~ प्रत्येक घर-आँगन में न सिर्फ इनका होना अनिवार्य है बल्कि समुचित प्रयोग की भी आवश्यकता है। डॉ. सिंह ने ये बातें डबुआ कॉलोनी आवासीय क्षेत्र में आयोजित हर घर-आँगन तुलसी कार्यक्रम के तहत शरीफ आज़म के आवास पर तुलसी जी का पौधा लगाने क्रम में बताया। इस अवसर पर भोजपुरी अवधी समाज के चेयरमैन पंडित रमाकांत तिवारी, आर डब्ल्यू ए डबुआ कॉलोनी के पूर्व सचिव एडवोकेट धर्म देव नागर, शरीफ आज़म, अब्दुल मजीद, नौशाद, असद, अहद, अहान विशेष रूप से उपस्थित थे।

## ऑटो रिक्शा पर राजनीतिक गतिविधियों के पोस्टर न लगाए, होगी कार्रवाईः विक्रम सिंह

Faridabad/Alive News

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह ने बताया कि जिला में ऑटो रिक्शा पर लगे अवैध राजनीतिक विज्ञापनों के खिलाफ अब प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। आदर्श आचार संहिता की अनुपालना को सुनिश्चित करते हुए जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त विक्रम सिंह के निर्देशों पर शहर में आज भी ऑटो रिक्शा के पीछे लगे राजनेताओं एवं राजनीतिक गतिविधियों के बैनर को तुरंत प्रभाव से हटाया गया। चुनाव आयोग के द्वारा विधानसभा चुनाव का कार्यक्रम घोषणा करने के बाद से ही आदर्श आचार संहिता लागू हो गई थी। आदर्श आचार संहिता लागू होते ही जिले में रेलवे स्टेशन रोड, बस स्टैंड, रेलवे पुल, सडक़ मार्ग, सरकारी बसों, बिजली खंभों, सरकारी भवनों से बैनर, झंडे को हटाने का काम भी शुरू हो गया है। जिसके तहत जिला में आज ऑटो रिक्शा के पीछे लगे पोस्टर को हटाया गया। सम्बंधित अधिकारीयों का कहना है कि कई जगह टीम लगाकर ऑटो रिक्शा के पीछे लगे पोस्टर को हटवाया जा रहा है। जहां आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत आ रही थी। वहां दोबारा टीम भेज कर कार्यवाही की जा रही है। जिला निर्वाचन अधिकारी की निर्देशानुसार यदि इसके बावजूद भी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन होता पाया गया, तो संबंधित व्यक्ति के खिलाफ एक्ट के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।



## हृदय रोगियों के लिए 'सांई धाम आरोग्यम' निःशुल्क ओपीडी का शुभारंभ

Faridabad/Alive News

सेक्टर 86 स्थित साई धाम में हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. पंकज मोहन शर्मा के सहयोग से साई धाम आरोग्यम चिकित्सालय का शुभारंभ स्व. आदित्य डिक्की सिंह की स्मृति में किया गया। जिसमें हृदय संबंधित रोगियों के लिए सोमवार से शुक्रवार सायं 6 बजे से 8 बजे तक निःशुल्क ओपीडी चलाई जाएगी । इस चिकित्सालय का उद्घाटन मानव रचना यूनिवर्सिटी के प्रेसिडेंट डॉ. प्रशांत भल्ला के कर कमलों द्वारा किया गया।

कार्यक्रम के आरंभ में मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र पहनाकर और भगवान गणेश की प्रतिमा देकर सम्मनित किया गया। तत्पश्चात शिरडी साई बाबा स्कूल के बच्चों ने स्वास्थ्य संबंधित लघु नाटिका प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया। उद्घाटन के दौरान मुख्य अतिथि डॉ प्रशांत भल्ला ने साई धाम द्वारा किये जा रहे सामाजिक कार्यों की प्रशंसा की और डॉ. पंकज मोहन शर्मा की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे डॉक्टरों को हमें प्रोत्साहित करना चाहिए ताकि वे समाज के गरीब वचिंत लोगों की सहायता के लिए आगे आएं। जो डॉक्टरों की मंहगी फीस देने सक्षम नहीं हैं। डॉ पंकज मोहन शर्मा ने सभी को सम्बोधित करते हुए कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि हमें डॉ. गुप्ता के सानिध्य में कार्य करने का मौका मिला इस आरोग्यम ओपीडी के माध्यम से न केवल गरीब वंचित लोगों को सही परामर्श मिलेगा बल्कि आयुश्मान कार्ड और बीपीएल कार्ड के माध्यम से निःशुल्क ओपरेशन भी किया जाएगा। साई धाम के संस्थापक अध्यक्ष डॉ मोतीलाल गुप्ता ने डॉ पंकज मोहन शर्मा को अपना कीमती समय समाज के लोगों देने के लिए धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि अगर इसी तरह हर डॉक्टर अपना थोड़ा सा समय गरीब वंचित लोगों लिए दे तो समाज के लोगों का भला होगा। उन्होंने आवहन करते हुए कहा कि वे इस समाजिक कार्यों में आगे आएं। कार्यक्रम आए हुए सभी अतिथियों का स्वागत अंगवस्त्र पहना कर किया गया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन संदीप सिंघल ने प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का संचालन सुचारू रूप से आज़ाद शिवम दीक्षित ने किया। इस अवसर पर साई धाम के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संदीप गुप्ता, रोहित जनेंद्र जैन, प्रधानाचार्या बीनू शर्मा, एच के बत्रा, मनोहर पुनयानी, रोहित रूंगटा, राजन गैरा, विशाल गुप्ता, के ए पिल्लै, यू एस अग्रवाल, रत्नमुंशी, ओ.पी. गर्ग आदि उपस्थित रहे।



## श्रीकृष्ण छठी महोत्सव पर सुंदरकांड का पाठ एवं भजन कीर्तन का आयोजन

Faridabad/Alive News

श्री महावीर मंदिर सेवा समिति ट्रस्ट (रजि.) तथा आरडब्ल्यूए महावीर नगर ओल्ड फरीदाबाद (रजि.) द्वारा शनिवार सायं से श्री कृष्ण छठी महोत्सव के सुअवसर पर सुंदरकांड का पाठ एवं भजन कीर्तन का आयोजन ओल्ड फरीदाबाद स्थित महावीर नगर के श्री महावीर मंदिर परिसर में किया गया। मंदिर परिसर को फूलों एवं गुब्बारों से सजाया गया था। भगवान श्री कृष्ण का झूला भी सजाया गया था। इस दौरान भजन मंडली ने मधुर भजनों से भक्तों को भावाविभोर कर दिया। इस अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में स्पेशल अचीवर चेरिटेबल ट्रस्ट की चेयरपर्सन सुश्री माधवी हंस मुख्यातिथि के रूप में उपस्थित रहीं। समारोह का मंच संचालन सचिव अनिल गुप्ता ने किया। समारोह में सेवादार पहलवान टेकचंद्र नन्द्राजोग, आरडब्ल्यूए प्रधान चरण सिंह सैनी, सचिव योगेश चावला, पं. शिवराम शर्मा, सतपाल चौधरी, धर्मवीर चौधरी, के.डी. शर्मा, धीरज वधवा, सुरेंद्र सैनी, पिंटू सैनी, राजेश तनेजा, सोनू शर्मा, दीपक गुप्ता, अनिल वर्मा, पंडित ओमकार शास्त्री तथा कमल नंद्राजोग ने पूरी तनमन्यता से भाग लिया। वहीं मुख्यातिथि स्पेशल अचीवर चेरिटेबल ट्रस्ट की चेयरपर्सन सुश्री माधवी हंस ने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण हिन्दू धर्म में भगवान विष्णु के आठवें अवतार हैं। उन्हें 16 कलाओं का ज्ञान था, इसलिए उन्हें सर्वज्ञानी और ब्रह्मांड का ज्ञानी कहा जाता है। भगवान श्री कृष्ण ने जीवन को जीने की श्रेष्ठ शिक्षा देने वाली पुस्तक भगवत गीता में अर्जुन से संवाद के रूप में ज्ञान दिया, जिसे अपनाकर आज का मानव अपना जीवन सुखमय कर सकता है। सेवादार पहलवान टेकचंद्र नन्द्राजोग ने बताया कि भजन मंडली के कलाकारों द्वारा कार्यक्रम की शुरुआत में कान्हा का जन्मोत्सव लीला, नन्दोत्सव लीला, छठी का कार्यक्रम का वर्णन नृत्य नाटिका में सचित्र प्रस्तुति एवं भजनों के माध्यम से बहुत ही सुंदर रूप से वर्णन किया गया।







Printed, Published & Owned By : Tilak Raj and Printed at The M/s AGS Publication, D-67, Sector-6, Noida, U.P. -201301, From 547, Nangla Enclave, Part-1, N.I.T., Faridabad(Hr.), Editor : Tilak Raj, Ph : 0129-4070270, 9891639448